वर्ष : 34 ▸ अंक : 14 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 22 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



परिसीमन से संघवाद को खतराः स्टालिन

▸ पेज - 8

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

फिल्म केसरी को 6 साल हुए पूरे



▸ पेज - 7

# उद्धव ठाकरे से कोई गठबंधन नहीं : फडणवीस

- फडणवीस ने राउत को मानसिक स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी
- नागपुर हिंसा के मामले में साजिश की जताई आशंका

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना (उद्धव) के गठबंधन को लेकर चल रही चर्चाओं पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कर दिया कि भविष्य में ऐसा कोई गठबंधन नहीं होगा।

### 'महायुति सरकार मजबूत, शिवसेना (उद्धव) से कोई तालमेल नहीं'

फडणवीस ने कहा कि अब महाराष्ट्र में महायुति की मजबूत सरकार चल रही है और भले ही राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं हों, लेकिन भाजपा का उद्धव ठाकरे की शिवसेना से कोई गठबंधन नहीं होगा।

### '2019 में जनता के बहुमत का किया अपमान'

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में फडणवीस ने कहा कि 2019 में भाजपा और शिवसेना (अविभाजित) ने मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन शिवसेना ने कांग्रेस और राकांपा (अविभाजित) के साथ मिलकर सरकार बना ली। उन्होंने कहा कि 2014 से 2019 तक दोनों दलों के बीच अच्छा तालमेल था, लेकिन उद्धव ठाकरे ने जनादेश का अपमान किया।

### 'मनोरोगी अस्पताल में इलाज कराएं राउत'

इस दौरान देवेंद्र फडणवीस संजय राउत को लेकर साफ-साफ बोलते नजर आए। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि संजय राउत को खुद जांच करने की जरूरत है। अब कई अच्छे मनोरोग अस्पताल खुल गए हैं। यदि आवश्यक हुआ तो हम सरकार की ओर से सभी खर्चे वहन करेंगे। किसी ने मुझे बताया कि यदि जरूरत पड़ी तो उन्हें सिंगापुर के किसी मनोरोग अस्पताल में भेजा जाएगा, जो कि बहुत अच्छी बात है, वहां का सारा खर्च भी सरकार देगी।

### 'नागपुर हिंसा व्यापक साजिश का हिस्सा'

नागपुर हिंसा के बारे में बोलते हुए फडणवीस ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट बांग्लादेश की भाषा में हैं। अभी इस बारे में बात करना उचित नहीं होगा। बाकी जांच अभी जारी है। इस बात के भी संकेत मिले कि यह एक व्यापक साजिश का हिस्सा था।

### दिशा सालियान केस पर क्या बोले?


दिशा सालियान मामले पर आगे बोलते हुए फडणवीस ने कहा कि सरकार स्पष्ट है कि सरकार का अगला रुख इस बात पर निर्भर करेगा कि अदालत में क्या होता है और अदालत क्या कहती है। अभी यह सरकार या पुलिस स्तर का मुद्दा नहीं है, यह अदालत का मुद्दा है। जब अदालत कोई निर्णय लेगी तब सरकार अपना रुख स्पष्ट करेगी। हम फिलहाल कोर्ट पर नजर रखे हुए हैं।

दिशा सालियान मौत प्रकरण

## बॉम्बे हाई कोर्ट अगले सप्ताह करेगा सुनवाई

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

दिशा सालियान मौत मामले की फिर से सुनवाई शुरू करने के लिए उनके पिता ने वकील नीलेश ओझा के माध्यम से बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस पर कोर्ट अगले सप्ताह से सुनवाई शुरू करेगा। अपनी याचिका में दिशा के पिता ने दावा किया कि 8 जून को उनकी बेटी ने अपने घर पर एक पार्टी आयोजित की थी, जिसमें आदित्य ठाकरे और अभिनेता सूरज पंचोली और डिनो मोरिया शामिल हुए थे। याचिका में ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। वकील नीलेश ओझा ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते समय बताया कि उनके पास इस मामले में पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने दावा किया है कि ऐसे प्रत्यक्षदर्शी हैं जिन्होंने अभिनेता आदित्य पंचोली, डिनो



मोरिया तथा शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे और उनके अंगरक्षकों को सेलिब्रिटी मैनेजर के साथ सामूहिक दुष्कर्म करते देखा था। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में अगले सप्ताह सोमवार अथवा मंगलवार को हो सकती है।



## नागपुर हिंसा मामले में अब तक 105 पर शिकंजा

**नागपुर।** हफ्ते की शुरुआत में नागपुर में हुई हिंसा के सिलसिले में शुक्रवार को 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 105 हो गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में 10 किशोर भी शामिल हैं। घटना के सिलसिले में तीन और एफआईआर दर्ज की गई हैं।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### मुलुंड टोल प्लाजा पर 68 बार अवैध होर्डिंग, कंपनी पर होगी एफआईआर



**मुंबई।** मुलुंड टोल प्लाजा पर बिना मुंबई महानगरपालिका (मनपा) की अनुमति के 68 बार अवैध होर्डिंग लगाए जाने का मामला विधानसभा में गूंजा। भाजपा विधायक अमित साटम के सवाल पर उद्योग मंत्री उदय सामंत ने स्वीकार किया कि संबंधित कंपनी ने बगैर इजाजत बार-बार होर्डिंग लगाया, जिसके लिए 68 बार जुर्माना भी लगाया गया। मंत्री ने कहा कि कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। साथ ही, मुंबई के सभी होर्डिंग का तीन महीने में व्यापक ऑडिट कर रिपोर्ट विधानसभा में पेश की जाएगी। कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने जुर्माने की राशि बढ़ाने की मांग की, जिस पर सरकार ने नियमों में संशोधन का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री युवा प्रशिक्षण योजना पर फडणवीस और पटोले में तकरार



मुंबई। विधानसभा में मुख्यमंत्री युवा प्रशिक्षण योजना को लेकर कांग्रेस विधायक नाना पटोले और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पटोले ने आरोप लगाया कि महायुति सरकार ने चुनाव से पहले योजना के तहत भर्ती युवाओं को सरकारी सेवा में बनाए रखने का वादा किया था, जबकि फडणवीस ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह केवल 11 महीने का प्रशिक्षण कार्यक्रम था। फडणवीस ने पटोले को चुनौती दी कि यदि ऐसा कोई आश्वासन दिया गया था तो उसका वीडियो दिखाएं। इस पर पटोले ने सोमवार को विधानसभा में संबंधित वीडियो प्रस्तुत करने की बात कही।

## महाराष्ट्र में सीबीएसई पाठ्यक्रम इसी सत्र से

दो चरणों में होगी नई शिक्षा व्यवस्था की शुरुआत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने इसी शैक्षिक सत्र (2025-26) से प्रदेश के स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री दादा भूसे ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की।



### एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने जताई चिंता

सुप्रिया सुले ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर इस फैसले पर चिंता जताई और कहा कि इससे मराठी भाषा और संस्कृति को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए पाठ्यक्रम चुनने का अधिकार दिया जाना चाहिए।

### पहले चरण में पहली कक्षा से होगी शुरुआत

पहले चरण में 2025-26 सत्र से सिर्फ पहली कक्षा में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू होगा। दूसरे चरण में शिक्षकों व शिक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के बाद अगले वर्ष अन्य कक्षाओं में इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। दादा भूसे ने स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र का इतिहास, भूगोल और मराठी भाषा पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा होंगे।

## गूगल कंपनी ने हटाए 300 से ज्यादा App



**मुंबई।** गूगल प्ले स्टोर ने फर्जी ऐप्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई है। कंपनी ने 300 से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से हटा दिया है। ये ऐप्स यूजर्स का डेटा चोरी कर रहे थे। इन ऐप्स को 6 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐप्स एंड्रॉयड 13 की सुरक्षा सुविधाओं को बायपास करने में सफल रहे थे और यूजर्स के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे थे। सिक्योरिटी रिसर्चर्स ने इन ऐप्स को ₹Vapor ऑपरेशन₹ का हिस्सा बताया है। IAS थ्रेट लैब ने पहली बार 2024 की शुरुआत में इस ऑपरेशन का पता लगाया था।

## महिला रंगदारी मांगते हुए गिरफ्तार



▸▸ एक करोड़ लेते हुए सतारा पुलिस ने पकड़ा

**सतारा/मुंबई।** महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे पर अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगाने वाली महिला को सतारा पुलिस ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला ने पहले तीन करोड़ रुपये की मांग की थी, लेकिन सौदा एक करोड़ रुपये में तय हुआ था।

### महिला ने पहले भी गोरे पर लगाए थे आरोप

महिला ने कुछ दिन पहले जयकुमार गोरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने आरोप लगाया कि 2016 में भी मंत्री उसे अश्लील मैसेज भेजकर परेशान कर रहे थे। उस समय गोरे के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था और उन्हें 10 दिन जेल में रहना पड़ा था।

### गोरे ने महिला पर दर्ज कराया रंगदारी का मामला

महिला की शिकायत के बाद जयकुमार गोरे ने महिला के खिलाफ तीन करोड़ रुपये रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया। इस केस की जांच कर रही सतारा क्राइम ब्रांच ने महिला को एक करोड़ रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### सुप्रिया सुले और संजय राऊत ने उठाए सवाल

महिला की गिरफ्तारी पर राकांपा एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने सवाल उठाते हुए कहा कि सबसे पहले यह पता लगाया जाए कि एक करोड़ रुपये कैश कहां से आया? और महिला के पास ऐसा क्या सबूत था कि मंत्री को पैसा देना पड़ा? शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राऊत ने आरोप लगाया कि यह राज्य में पुलिस के दुरुपयोग का मामला है। सत्ता के खिलाफ बोलने वालों को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है।

## सूबे में 36% पानी के नमूने नाइट्रेट से दूषित

- नांदेड़ में सबसे अधिक प्रदूषण
- विधान परिषद में जलापूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटील ने दी जानकारी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में 36% पानी के नमूने जहरीले नाइट्रेट से दूषित पाए गए हैं, जिनमें 7 जिलों के 51% नमूने नाइट्रेट मिश्रित मिले हैं। विधान परिषद में पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में जलापूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री गुलाबराव पाटील ने यह जानकारी दी।

केंद्र सरकार के भूजल बोर्ड की 2024 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के 1567 स्थानों से लिए गए पानी के नमूनों में से 560 नाइट्रेट से दूषित पाए गए। इनमें से वर्धा, बुलढाणा, अमरावती, नांदेड़, बीड, जलगांव और यवतमाल जिलों के 431 नमूनों में 219 दूषित मिले।



### दूषित पानी वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाए गए

मंत्री पाटील ने बताया कि दूषित पानी के स्रोतों पर 'पानी पीने योग्य नहीं' के बोर्ड लगाए गए हैं और वैकल्पिक स्रोतों से शुद्ध जल की आपूर्ति की जा रही है। दूषित जल स्रोतों पर नियंत्रण के लिए वर्ष में दो बार स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान चलाया जाता है।

### नांदेड़ में सबसे अधिक पानी के नमूने दूषित

राज्य सरकार के भूजल सर्वेक्षण एवं विकास प्रणाली के वर्ष 2024-25 के जल नमूना सर्वेक्षण के अनुसार 7 जिलों में सबसे अधिक नाइट्रेट से प्रभावित पानी के नमूने नांदेड़ जिले में पाए गए है। नांदेड़ में 3877 पानी के नमूने में से 2190 नमूने नाइट्रेट से दूषित पाए गए है। जबकि यवतमाल में 10010 पानी के नमूने में से 675, जलगांव में 2507 नमूने में से 218, अमरावती में 2367 नमूने में से 120, बुलढाणा में 4104 नमूने में से 165, वर्धा में 1330 नमूने में से 49 और बीड में 5219 नमूने में से सिर्फ एक पानी का नमूना नाइट्रेट से दूषित पाया गया।

## सरकारी अस्पतालों के साफ सफाई के लिए बनाई जाएगी नीति

▸▸ स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर का विधान परिषद में दिया आश्वासन



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

विधान परिषद में भाजपा सदस्य प्रसाद लाड द्वारा मुंबई मनपा और सरकारी अस्पतालों की समस्याओं को उठाने के बाद स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने सरकारी अस्पतालों की सफाई और अन्य सुविधाओं के लिए नई नीति बनाने का आश्वासन दिया।

### प्रमुख सुधार और योजनाएं

गंभीर मरीजों के इलाज के लिए ट्रॉमा केयर सेंटर की संख्या बढ़ाई जाएगी। नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग और पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एंबुलेंस सेवा और डॉक्टरों की टीम तैनात होगी। तमिलनाडु मॉडल की तरह सरकारी अस्पतालों में दवा खरीद प्रक्रिया में सुधार किया जाएगा। 1,500 डॉक्टरों की भर्ती के लिए 10 अप्रैल को विज्ञापन जारी किया जाएगा। मुंबई मनपा अस्पतालों के दवा आपूर्तिकर्ताओं के बकाया भुगतान के लिए मनपा प्रशासन को निर्देश दिए जाएंगे।

## बाल सुधारगृह की जमीन पर चल रही शराब की दुकान

- सरकार ने विधान परिषद में स्वीकारा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के मानखुर्द स्थित द चिल्ड्रन्स एड सोसायटी के बाल सुधारगृह की 55.4 एकड़ जमीन में से 23 एकड़ पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो चुका है। इस पर शराब की दुकानें, बार, गैरेज, गोदाम, मंगल कार्यालय और झोपड़ियां बनाई गई हैं।



### विधान परिषद में सरकार का जवाब

विधान परिषद में एक सवाल के लिखित जवाब में राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री आदिति तटकरे ने अतिक्रमण की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि अवैध दुकानों और कारखानों पर कार्रवाई की मांग की गई है, लेकिन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) ने सुरक्षा को लेकर कोई शिकायत नहीं दी है।

### सरकार से जमीन वापस लेने की अपील

बाल सुधारगृह की 24.3 एकड़ अतिक्रमित और सरकारी कब्जे वाली जमीन को वापस लेने के लिए राजस्व मंत्री के पास अपील दायर की गई है, जो फिलहाल राजस्व विभाग के पास लंबित है।

### टाटा पावर के अतिक्रमण हटाने की योजना

टाटा पावर कंपनी की बिजली लाइन के नीचे बने अतिक्रमण को हटाने के लिए उप जिलाधिकारी (चेंबूर) और मुंबई मनपा के एम-पूर्व प्रभाग के सहायक आयुक्त को नियोजन प्राधिकरण के रूप में कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। शिवसेना (उद्धव) के सदस्य सचिन अहिर और सुनील शिंदे तथा भाजपा के प्रसाद लाड ने इस मुद्दे पर सवाल उठाया था, जिसके बाद सरकार ने यह जानकारी साझा की।

हजरत पीर मामू भांजे दरगाह मामला

# विधायक संजय केलकर ने अनधिकृत निर्माण पर कार्रवाई की मांग की



डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे के विधायक संजय केलकर ने विधानसभा सत्र में हजरत पीर मामू भांजे दरगाह ट्रस्ट और येऊर में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ तत्काल बेदखली की कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि इन अवैध निर्माणों पर कार्रवाई न होने के पीछे कौन दबाव बना रहा है?

वायुसेना और पर्यावरण के लिए खतरा बने अवैध निर्माण पर उठाए सवाल

### वायुसेना स्टेशन के लिए खतरा

विधायक केलकर ने बताया कि बोरीवली के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान सीमा के अंदर दरगाह ट्रस्ट ने 550 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण किया है। वन विभाग ने 5 जुलाई 2023 को ट्रस्ट को नोटिस जारी किया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। भारतीय वायुसेना प्रशासन ने भी इस अवैध निर्माण को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया था।

### येऊर में अवैध निर्माण पर जताई चिंता

विधायक केलकर ने कहा कि येऊर क्षेत्र में अवैध रूप से बंगले, होटल, ढाबे और लाउंज बनाए जा रहे हैं, जो पर्यावरण और वन्य जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाया और कहा कि हर बार विधानसभा में चर्चा होती है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होती।

### वन मंत्री ने दी सफाई

वन मंत्री गणेश नाईक ने कहा कि ट्रस्ट ने इस मामले में याचिका दायर की है, जिसके कारण कार्रवाई पर रोक लगी हुई है। अदालत का निर्णय आने के बाद ही सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि येऊर में निजी भूमि पर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी वन विभाग की नहीं, बल्कि ठाणे नगर निगम की है।

# राज्य में मेडिकल ऑफिसर के 1580 पद रिक्त

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राज्य के स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल ऑफिसर के लगभग 1580 पद रिक्त है। विधान परिषद में एक सवाल के लिखित जवाब में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने यह जानकारी दी। आबिटकर ने बताया कि राज्य में मेडिकल ऑफिसर (एस-23) और उससे वरिष्ठ पदों को मिलाकर कुल 1807 पद मंजूर हैं। जिसमें से 1027 पदों पर नियुक्ति हुई है। जबकि 780 पद रिक्त हैं। वहीं समूह-अ के मेडिकल ऑफिसर (एस-20) के 8610 पद मंजूर हैं। जिसमें से 7810 पद भरे गए हैं। जबकि 800 पद रिक्त है। आबिटकर ने बताया कि नर्स संवर्ग के 10544 के 9008 पद भरे गए हैं। वहीं अर्धचिकित्सा कर्मचारी और तकनीशियन के 17756 में से 13414 पद भरे गए हैं। आबिटकर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के समूह सी और डी के 10949 रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें से 9618 पद पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति कर दी गई है। सदन में कांग्रेस सदस्य अभिजीत वंजारी और कांग्रेस सदस्य भाई जगताप समेत कई सदस्यों ने इस बारे में सवाल पूछा था।

# युवक ने कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से की आत्महत्या

सुसाइड नोट में बताया बीमारी का कारण

डीबीडी संवाददाता । वसई

महाराष्ट्र के वसई इलाके में 27 वर्षीय युवक श्रेय अग्रवाल ने कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का इस्तेमाल कर आत्महत्या कर ली। उसका शव स्पेनिश विला के 'क्लस्टर-9' बंगले में मिला, जहां उसने खिड़कियां पूरी तरह सील कर रखी थीं। दरवाजे पर एक चेतावनी नोटिस चिपका था, जिसमें लिखा था—'अंदर कार्बन मोनोऑक्साइड है, लाइट मत जलाना।'

### बहन की शिकायत पर पुलिस ने की तलाश

- मुंबई पुलिस में श्रेय की बहन ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने स्पेनिश विला के बंगले में उसकी तलाश की। मौके पर गैस रिसाव और बदबू मिलने पर जब पुलिस अंदर पहुंची, तो श्रेय का शव मिला।




सुसाइड नोट में बीमारी को बताया आत्महत्या की वजह

पुलिस को घटनास्थल से पांच कार्बन मोनोऑक्साइड सिलेंडर और एक सुसाइड नोट मिला। श्रेय ने लिखा था कि वह गंभीर बीमारी से जूझ रहा था और कोई सुधार नहीं हो रहा था, इसलिए उसने आत्महत्या का फैसला किया।

### सिलेंडर की खरीद को लेकर जांच जारी

नायगांव पुलिस ने आकस्मिक मौत (Accidental Death) का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि श्रेय ने जहरीली गैस वाले सिलेंडर कहां से खरीदे और उन्हें कैसे हासिल किया। साथ ही, मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

# बिजली बिल चेक से भुगतान पर सख्ती



बाउंस होने पर 885 तक जुर्माना

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

महावितरण ने बिजली उपभोक्ताओं को चेक द्वारा भुगतान में सावधानी बरतने की अपील की है। यदि बिजली बिल भुगतान के लिए दिया गया चेक बाउंस होता है, तो उपभोक्ताओं पर 750 जुर्माना + 135 जीएसटी या बैंक शुल्क (जो भी अधिक हो) लगाया जाएगा। इसके अलावा, छह महीने तक उपभोक्ता को चेक से भुगतान की सुविधा नहीं मिलेगी।

### कल्याण और भांडुप में करोड़ों के चेक बाउंस

महावितरण के कल्याण मंडल में फरवरी 2025 में 2.80 करोड़ रुपये के 2,714 बिजली बिल चेक और मार्च में 1.12 करोड़ रुपये के 751 बिजली बिल चेक विभिन्न कारणों से बाउंस हो गए हैं। भांडुप सर्कल में फरवरी में 1 करोड़ 31 लाख रुपये के 941 बिजली बिल चेक और मार्च में अब तक 600 चेक विभिन्न कारणों से बाउंस हो चुके हैं। यह देखा जा रहा है कि चेक पर गलत तारीख, अनियमितताएं, गलत हस्ताक्षर, गलत नाम, खाते में संबंधित राशि का अभाव आदि कारणों से चेक अस्वीकृत हो रहे हैं। जिन ग्राहकों के चेक बाउंस हुए हैं।

# 70 एकड़ भूमि पर बनेगा कन्वेंशन सेंटर और व्यूइंग टॉवर

कन्वेंशन सेंटर और दर्शक गैलरी परियोजना के लिए राज्य सरकार की अनुमति आवश्यक : टीएमसी आयुक्त

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) ने कासरवडवली के खारबाब और कोस्टल रोड जंक्शन क्षेत्र में 70 एकड़ भूमि पर कन्वेंशन सेंटर और व्यूइंग टॉवर बनाने की योजना बनाई है। इस परियोजना के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) जारी करने का निर्णय लिया गया है।




### राज्य सरकार की अनुमति के बाद ही शुरू होंगी योजनाएं : आयुक्त सौरभ राव

ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने स्पष्ट किया कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना राज्य सरकार की अनुमति के बाद ही शुरू की जाएगी। परियोजना के वित्तीय प्रारूप को लेकर निजी-सार्वजनिक भागीदारी (PPP) या डेवलपर आधारित निर्माण के दो विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

### सांसद श्रीकांत शिंदे की संकल्पना से आकार ले रही योजना

इस परियोजना की योजना, प्रबंधन और रखरखाव को लेकर गहन समीक्षा की गई। सांसद श्रीकांत शिंदे की संकल्पना से यह परियोजना आकार ले रही है। गुरुवार को आयुक्त राव ने इसकी समीक्षा बैठक की।

### टाउन पार्क और अन्य परियोजनाओं की भी समीक्षा

बैठक में कोलशेत-बालकुम्भ में प्रस्तावित टाउन पार्क, कलवा में यशवंत राम सालवी स्विमिंग पूल के नव निर्माण और खारेगांव में प्रस्तावित नए थिएटर की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### 2600 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा टाउन पार्क

कोलशेत-बालकुम्भ में निर्माणाधीन टाउन पार्क की लागत 2600 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसमें विज्ञान केंद्र, मछलीघर, मत्स्य पालन विरासत केंद्र और तारामंडल सहित वाणिज्यिक विकास भी शामिल होगा। आयुक्त राव ने वित्तीय व्यवहार्यता की जांच और राज्य सरकार की अनुमति के बाद ही परियोजना को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में विवादित फैसले पर बवाल

सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने की जज के खिलाफ कार्रवाई की मांग

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राम मनोहर मिश्रा के एक हालिया फैसले को लेकर विवाद गहरा गया है। शिवसेना (उद्धव) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर जज को भ्रष्ट करार देते हुए उनकी बर्खास्तगी की मांग की। शुक्रवार को भेजे पत्र में प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा कि जस्टिस राम मनोहर मिश्रा का फैसला दोषपूर्ण और न्याय के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने हाईकोर्ट के उस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसमें कहा गया कि पीड़िता के स्तनों को पकड़ना और उसके निचले वस्त्र का नाड़ा तोड़ना बलात्कार का प्रयास नहीं है। चतुर्वेदी ने कहा कि फैसले के अंश स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि शारीरिक हमला और निचले वस्त्र का नाड़ा



तोड़ना, इसके बावजूद बलात्कार का प्रयास नहीं माना गया। उन्होंने पूछा कि 'बलात्कार की तैयारी का चरण' क्या होता है और इसे बलात्कार की कोशिश क्यों नहीं माना गया?

### सुप्रीम कोर्ट से अपील

सांसद ने मुख्य न्यायाधीश से अपील की कि इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में उठाया जाए और पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। साथ ही, न्यायाधीश राम मनोहर मिश्रा को अयोग्य ठहराने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी मामला

# पत्रकार प्रशांत कोरटकर को हाई कोर्ट से नहीं मिली राहत

कोल्हापुर सेशन कोर्ट के फैसले को चुनौती, 24 मार्च को अगली सुनवाई

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट से नागपुर के पत्रकार प्रशांत कोरटकर को छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी मामले में अंतरिम राहत नहीं मिली। कोरटकर ने अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिसे कोल्हापुर सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।कोल्हापुर सेशन



### एफआईआर दर्ज, भड़काऊ टिप्पणी का आरोप

इतिहासकार इंद्रजीत सावंत के साथ फोन पर बातचीत के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज को लेकर भड़काऊ टिप्पणी करने का आरोप है। सावंत ने 26 फरवरी को कोल्हापुर के जूना राजवाड पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई।

### राज्य में दर्ज हैं दो और एफआईआर

- प्रशांत कोरटकर के खिलाफ राज्य में दो और एफआईआर दर्ज हैं। उन्होंने याचिका में दावा किया कि इतिहासकार इंद्रजीत सावंत ने फिल्म 'छावा' में कुछ ऐतिहासिक हस्तियों के चित्रण पर आपत्ति जताई थी। सरकारी वकील ने अग्रिम जमानत का विरोध किया। हाई कोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को याचिका की प्रति देने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को रखी।

# महाराष्ट्र में तेजी से बढ़ रहे कैंसर के मामले

5 साल में 11,000 से ज्यादा नए मरीज




डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई। महाराष्ट्र समेत पूरे देश में पिछले पांच वर्षों में कैंसर के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। 2019 में महाराष्ट्र में 1,13,374 कैंसर के मामले थे, जो 2023 में बढ़कर 1,24,584 हो गए। वहीं, देशभर में कैंसर रोगियों की संख्या 2019 में 13,58,415 से बढ़कर 2023 में 14,96,972 तक पहुंच गई। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने शुक्रवार को लोकसभा में शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय जाधव, अरविंद सावंत और संजय देशमुख के सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

### महाराष्ट्र में कैंसर के बढ़ते मामले

2020: 1,16,121
2021: 1,18,906
2022: 1,21,717
2023: 1,24,584

# शहरी आंगनवाड़ियों में कुपोषित बच्चों के लिए टीएचआर योजना लागू करेगी सरकार

### महिला एवं बाल विकास मंत्री आदिति तटकरे का विधान परिषद में आश्वासन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार प्रदेश के शहरी इलाकों के आंगनवाड़ियों में कुपोषित बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार (टीएचआर) योजना लागू करने जा रही है। विधान परिषद में महिला एवं बाल विकास मंत्री आदिति तटकरे ने यह जानकारी दी।



### टीएचआर के लिए केंद्र से राशि बढ़ाने का अनुरोध

राज्य सरकार ने टीएचआर के लिए केंद्र सरकार से अतिरिक्त धनराशि बढ़ाने की मांग की है। वर्तमान में इस योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार 50-50 प्रतिशत खर्च वहन करती हैं।

### भाजपा और राकांपा (अजित) के सदस्यों ने उठाया सवाल

भाजपा की चित्रा वाघ और राकांपा (अजित) के संजय खोडके ने प्रश्नकाल में इस मुद्दे को उठाया। जवाब में तटकरे ने बताया कि केंद्र सरकार की एकात्मिक बाल विकास सेवा योजना (ICDS) के तहत अभी केवल ग्रामीण इलाकों में टीएचआर दिया जाता है, लेकिन अब इसे शहरी क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा।

### शहरी गर्भवती महिलाओं के लिए अमृत आहार योजना का विस्तार

तटकरे ने बताया कि राज्य के 16 जिलों में आदिवासी विकास विभाग द्वारा 'डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अमृत आहार योजना' चलाई जा रही है, जो गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण के लिए है। इसी तर्ज पर शहरी इलाकों की गर्भवती महिलाओं को भी अमृत आहार योजना का लाभ देने के लिए सरकार प्रयास करेगी।

# औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग पर बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका

आरटीआई एक्टिविस्ट केतन तिरोडकर ने की याचिका दायर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुगल शासक औरंगजेब की कब्र हटाने का मामला बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंच गया है। आरटीआई एक्टिविस्ट केतन तिरोडकर ने शुक्रवार को जनहित याचिका (PIL) दायर कर कब्र को हटाने और इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के राष्ट्रीय स्मारकों की सूची से हटाने की मांग की।



### याचिका में कानूनी आधार का हवाला

तिरोडकर ने दलील दी कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अधिनियम, 1958 की धारा 3 के अनुसार, औरंगजेब की कब्र इस श्रेणी में नहीं आती। उन्होंने कहा कि औरंगजेब की कब्र को लेकर लगातार विवाद हो रहा है, जिससे नागपुर में हिंसा भी भड़की। ऐसे में कब्र को हटाने से विवाद खत्म हो सकता है।

### एएसआई ने कब्र के चारों ओर टिन की चादर लगाई

हाल ही में विश्व हिंदू परिषद (VHP) के विरोध प्रदर्शन के बाद औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग तेज हो गई थी। इसके बाद, छत्रपति संभाजीनगर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार, एएसआई ने कब्र के दोनों ओर टिन की चादर लगा दी। तिरोडकर ने हाई कोर्ट से अनुरोध किया है कि वह राज्य और एएसआई को औरंगजेब की कब्र को हटाने का निर्देश दे।

# विधानसभा में उठा गुटखे की अवैध बिक्री का मुद्दा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई




महाराष्ट्र में गुटखे की अवैध बिक्री को लेकर विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता विजय वडेट्टीवार ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान सरकार से कड़ा रुख अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में गुटखा खुलेआम बिक रहा है, तो सरकार को या तो प्रतिबंध हटाना चाहिए या फिर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

### गुजरात से हो रही गुटखे की सप्लाई

- वडेट्टीवार ने कहा कि गुटखा तस्करी के लिए गुजरात का रास्ता इस्तेमाल किया जा रहा है। महाराष्ट्र में इसकी खपत लगातार बढ़ रही है, जिससे व्यापारी इसे मुंबई समेत अन्य शहरों में बेच रहे हैं।

### शिंदे गुट के विधायक ने भी जताई नाराजगी

- शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक दिलीप लांडे ने कहा कि घाटकोपर पुलिस स्टेशन के पास खुलेआम गुटखा और ड्रग्स बेचा जा रहा है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।



गुटखे पर प्रतिबंध हटाए या सख्त कार्रवाई करे सरकार :विजय वडेट्टीवार

### गृह राज्य मंत्री का आश्वासन

**गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि सरकार गुटखा व्यापारियों का समर्थन नहीं करेगी और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिछले वर्ष महाराष्ट्र पुलिस ने 150 करोड़ से अधिक का गुटखा जब्त किया। दर्जनों गुटखा कारोबारियों पर कार्रवाई की गई। बार-बार बिक्री करने वालों को गिरफ्तार कर तड़ीपार किया गया। मंत्री ने विधायकों से अपील की कि यदि किसी को गुटखे की अवैध बिक्री की जानकारी मिले, तो सरकार तत्काल कार्रवाई करेगी।**

# अनधिकृत प्राथमिक स्कूलों की सूची जारी



अभिभावकों से प्रवेश न लेने की शिक्षा विभाग की अपील

सुशील सिंह । कल्याण

महापालिका क्षेत्र में बिना सरकारी अनुमति के चल रहे प्राथमिक स्कूलों की सूची जारी की गई है। शिक्षा विभाग के उपआयुक्त संजय जाधव ने अभिभावकों से इन अनधिकृत स्कूलों में बच्चों का प्रवेश न कराने की अपील की है।

### छात्रों का सरकारी स्कूलों में समायोजन

- शिक्षा विभाग के अनुसार, इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को नजदीकी सरकारी स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। साथ ही, अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अनधिकृत प्राथमिक स्कूलों की सूची

- एल.बी.एस. इंग्लिश स्कूल, बल्याणी टिटवाळा
- सनराईज स्कूल, बल्याणी टिटवाळा
- संकल्प इंग्लिश स्कूल, बल्याणी टिटवाळा
- पूर्ण प्रज्ञा इंग्लिश स्कूल, बल्याणी टिटवाळा
- पोलारिस कॉन्व्हेंट स्कूल, बल्याणी टिटवाळा
- डी.बी.एस. इंग्लिश स्कूल, आंबिवली (पश्चिम)
- ऑक्सफर्ड इंग्लिश स्कूल, आंबिवली (पश्चिम)
- बुद्धीस्ट इंटरनॅशनल स्कूल, महाराष्ट्र नगर, डोंबिवली (पश्चिम)

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला

# आरोपी हितेश मेहता का अब होगा ब्रेन-मैपिंग टेस्ट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में हुए 122 करोड़ रुपये के गबन के मुख्य आरोपी हितेश मेहता का अगले कुछ दिनों में ब्रेन-मैपिंग टेस्ट किया जाएगा। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा इस फंड गबन मामले की गहराई से जांच कर रही है और इससे जुड़ी अहम जानकारियां जुटाने का प्रयास कर रही है।




### पॉलीग्राफ टेस्ट में नहीं मिला ठोस सुराग

बैंक के पूर्व महाप्रबंधक और लेखा विभाग के प्रमुख हितेश मेहता का पिछले सप्ताह मुंबई के कलीना स्थित फॉरेंसिक साइंस लैब में पॉलीग्राफ टेस्ट (लाई-डिटेक्टर टेस्ट) हुआ था। जांच अधिकारी के अनुसार, इस टेस्ट का परिणाम स्पष्ट नहीं था और उसके द्वारा गबन किए गए धन के उपयोग और अन्य आरोपियों की भूमिका को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई।

### अब ब्रेन-मैपिंग टेस्ट से खुलेंगे राज!

जांच को और आगे बढ़ाने और मेहता से अधिक जानकारी निकालने के लिए आर्थिक अपराध शाखा ने ब्रेन-मैपिंग टेस्ट कराने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ‪"‬हमने मेहता का ब्रेन-मैपिंग टेस्ट कराने का निर्णय लिया है, लेकिन अभी तारीख तय नहीं हुई है। यह टेस्ट फॉरेंसिक साइंस लैब में किया जाएगा। अदालत पहले ही मेहता पर फॉरेंसिक साइकोलॉजिकल टेस्ट की अनुमति दे चुकी है।

### अब तक सात गिरफ्तार, बैंक के पूर्व चेयरमैन हिरेन भानु और उनकी पत्नी फरार

इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि बैंक के पूर्व चेयरमैन हिरेन भानु और उनकी पत्नी गौरी अब भी फरार हैं। स्थानीय अदालत ने इस दंपति के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### कैसे हुआ 122 करोड़ रुपये का गबन?

पुलिस के अनुसार, न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक की प्रभादेवी और गोरेगांव शाखाओं से कुल 122 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई। हितेश मेहता को 15 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद छह अन्य आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस अब इस मामले में और सुराग जुटाने में लगी हुई है।

# एचडीएफसी बैंक के अधिकारी को मिली राहत

### महिला सहकर्मी के बालों पर टिप्पणी करना या गाना गाना यौन उत्पीड़न नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की परिभाषा को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि महिला सहकर्मी के बालों पर टिप्पणी करना या उसके बारे में गाना गाना यौन उत्पीड़न नहीं माना जा सकता। इस फैसले के साथ एचडीएफसी बैंक के एसोसिएट क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कछावे को राहत मिल गई, जिन्हें बैंक की आंतरिक शिकायत समिति (POSH अधिनियम, 2013 के तहत) ने दोषी ठहराया था।

### क्या था मामला?

महिला सहकर्मी ने शिकायत की थी कि कछावे ने उनके बालों पर टिप्पणी की और उनके बारे में एक गाना गाया। इसके अलावा, उन्होंने एक अन्य पुरुष सहकर्मी के निजी अंग को लेकर कथित रूप से टिप्पणी की।

### हाईकोर्ट का फैसला

जस्टिस संदीप मारणे ने 18 मार्च को फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर आरोप सही भी माने जाएं, तो भी इसे यौन उत्पीड़न नहीं कहा जा सकता। बैंक की शिकायत समिति ने यह विचार नहीं किया कि क्या कछावे का कथित आचरण वास्तव में यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। हाईकोर्ट ने औद्योगिक अदालत के फैसले को भी खारिज कर दिया, जिसने कछावे की अपील जुलाई 2024 में ठुकरा दी थी। कोर्ट ने कहा कि औद्योगिक अदालत ने तथ्यों को नजरअंदाज किया और निष्कर्ष गलत निकाले। कछावे के वकील ने तर्क दिया कि उन्होंने सिर्फ महिला सहकर्मी के बालों को लेकर हल्के-फुल्के अंदाज में कहा था कि वह उन्हें जेसीबी से संभाल रही होंगी।

# महायुति के पांच नेताओं ने विधान परिषद सदस्य के रूप में शपथ ली

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए हाल ही में निर्वाचित भाजपा, शिवसेना और राकांपा के कुल पांच नेताओं ने शुक्रवार को सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संदीप जोशी, संजय केनेकर और दादाराव केचे, सेना के चंद्रकांत रघुवंशी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संजय खोडके ने एमएलसी के रूप में शपथ ली। वे मंगलवार को निर्विरोध सदन के लिए चुने गए।



### पति-पत्नी दोनों बने विधायक और एमएलसी

इसके साथ ही राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में पति-पत्नी की जोड़ी से एक-एक सदस्य हो गया है। सुलभा खोडके अमरावती विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी विधायक हैं, जबकि उनके पति संजय खोडके अब उच्च सदन के सदस्य हैं। पिछले साल कई मौजूदा सदस्यों के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद परिषद की कुल पांच सीटें खाली हो गई थीं।

**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक. NIT/01/25/14**
**दिनांक 20 मार्च 2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई- निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | विविरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 50255039 | अंडरग्राउंड जेली भरा 6 क्वाड x 0.9 मिमी व्यास तांबे कंडक्टर केबल | 1460 कि.मी. | 04-अप्रैल -25 |
| 2 | 50255067A | पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड अनस्क्रीन कॉपर कंडक्टर | 479.8 कि.मी. | 04-अप्रैल-25 |
| 3 | 27253000A | उच्च पहुंच पेंटोग्राफ | 66 नग | 07 अप्रैल - 25 |
| 4 | 27251303 | मुख्य गियर व्हील 58 दांत | 118 नग | 09 अप्रैल - 25 |
| 5 | 42251209 | प्रत्यक्ष वायु संचालित पैन्टोग्राफ | 33 नग | 14 अप्रैल - 25 |
| 6 | 27251187 | केपेसिटर हार्मोनिक फ़िल्टर | 136 नग | 15- अप्रैल - 25 |
| 7 | 27243258E | साइड बफ़र | 199 नग | 17- अप्रैल - 25 |
| 8 | 27253939 | मूविंग कॉयल मीटर का सेट | 126 सेट्स | 17- अप्रैल -25 |
| 9 | 61251348A | CAPD सोलुशन 7.5% मिनिकैप 2.5 या 2 लीटर | 7100 नग | 17- अप्रैल - 25 |
| 10 | 61253073A | ग्लाइकोपेगिलेरड रिकॉम्बिनेंट विस्तारित लाइफ फैक्टर VIII (यूनिट - IU) | 424950 नग | 17- अप्रैल - 25 |
| 11 | 27252170 | गियर व्हील 65 दांत | 211 नग | 21- अप्रैल - 25 |
| 12 | 38250294 | POH किट D. V KEO प्रकार जिसमें कन्सिसटिंग के अनुसार 48 आइटम शामिल हैं | 2108 सेट्स | 23- अप्रैल - 25 |
| 13 | 27253467 | लेबेरिंथ और बियरिंग कैप का सेट | 985 सेट्स | 02-मई- 25 |
| 14 | 27253401 | ट्रैक्शन बार के लिए आवास | 410 नग | 06- मई - 25 |
| 15 | 38253432 | साइड बियरर के लिए पहनने का टुकड़ा. | 951 नग | 08-मई-25 |
| 16 | 27253956 | एलास्टिंग अंगूठी | 661 नग | 13- मई- 25 |
| 17 | 27253251 | सिलिंड्रिकल रोलर एक्सल बॉक्स बेयरिंग यूनिट | 1402 नग | 19-मई-25 |
| 18 | 51244967 | आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-4967 के अनुसार पीएससी स्लीपर के लिए 1/8.5 सीएमएस क्रॉसिंग, BG - 60Kg. | 454 सेट्स | 15 अप्रैल 25 |

नोट: उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

DE-858 — कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है


# मुंबई एयरपोर्ट पर 11 करोड़ की लिक्विड कोकीन बरामद

### ब्राजील की महिला तस्कर गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई राजस्व खुफिया निदेशालय ने ब्राजील की महिला को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। महिला तस्कर के कब्जे से 11 करोड़ रुपए की लिक्विड कोकीन बरामद हुई है। अधिकारियों ने संदेह जताया है कि यह मामला किसी अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट से जुड़ा है। वहीं, डीआरआई के अनुसार, तरल कोकीन की तस्करी अत्यंत दुर्लभ है। बताया जा रहा है कि महिला तस्कर ने कंडोम के पैकेट में लिक्विड कोकीन को छिपाकर रखा था। राजस्व खुफिया निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, हमें सूचना मिली थी कि एक विदेशी नागरिक भारी मात्रा में ड्रग्स लेकर भारत आ रहा है। सूचना मिलने के बाद हवाई अड्डे पर गश्त बढ़ा दी गई और विदेश से आने वाले हर यात्री की जांच की गई, तभी ब्राजील की महिला को 11 करोड़ रुपए की लिक्विड कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया।

### लिक्विड कोकीन पाउडर कोकीन की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली



डीआरआई अधिकारियों के अनुसार, तरल कोकीन को पाउडर कोकीन की तुलना में अधिक शक्तिशाली और उच्च गुणवत्ता वाला ड्रग्स माना जाता है। तरल कोकीन की पहचान करना कठिन है, इसलिए कई अलग-अलग तरल पदार्थों के साथ मिलाकर इसकी तस्करी की जाती है। कई मामलों में तरल कोकीन को इत्र, शराब या अन्य तरल पदार्थों के साथ मिलाया जाता है फिर कोकीन की तस्करी की जाती है। बहरहाल कोकीन कहां से आई और इसे किसे दिया जाना था। इस संबंध में खुफिया निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी जांच करने में जुटे हुए हैं।

**मध्य रेल**
सोलापुर मंडल
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2024/46R. कार्य का नाम**: सोलापुर मंडल में सभी सहायक उपकरणों के साथ विभिन्न क्षमता वाले पंपों की ऊर्जा दक्षता के प्रावधान के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा भाग का कार्य (पुनः निमंत्रण)। **कार्य की लागत**: रु. 1,60,74,494.89. **बोली प्रतिभूति**: रु. 2,30,400/-. **कार्य पुरा करने की अवधि**: 12 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता**: 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय**: दि. 15.04.2025 को 15:00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मध्य रेल, सोलापुर,
DE/Sur-54

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

**मध्य रेल**
सोलापुर मंडल
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेलवे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2024/15R2. कार्य का नाम**: लातूर में एप्रोच रोड, प्लेटफॉर्म चौड़ीकरण (400 मीटर x 5.5 मीटर), सर्कुलेटिंग एरिया का विकास (250 मीटर x 10 मीटर), एचएल प्लेटफॉर्म, गो-डाउन, हमाल कक्ष, सीजीएस कार्यालय कक्ष, एसएम कक्ष, रिले रुम, आईपीएस रुम, गुड्स पीएफ के लिए शेड, पिटलाइन के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य भाग। (पुनर्निमंत्रण). **कार्य की लागत**: रु. 92,50,212.67. **बोली प्रतिभूति**: रु. 1,85,000/-. **कार्य पुरा करने की अवधि**: 18 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता**: 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय**: दि. 15.04.2025 को 15.00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मध्य रेल, सोलापुर,
DE/Sur-52

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

# संघ मुख्यालय की रेकी करने वाले जैश आतंकी की जमानत याचिका खारिज



### बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ का फैसला

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) मुख्यालय की रेकी करने वाले जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी रईस अहमद शेख की जमानत याचिका शुक्रवार को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने खारिज कर दी। 11 मार्च को उसने निचली अदालत से अर्जी खारिज होने के बाद हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।

### आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का आरोप

रईस अहमद शेख असदुल्ला शेख, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का निवासी है और आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करता था। उस पर आरोप है कि कोरोना महामारी के दौरान उसने नागपुर के महल इलाके में स्थित RSS मुख्यालय और रेशमबाग स्थित डॉ। हेडगेवार स्मृति मंदिर की रेकी की थी। महाराष्ट्र एटीएस ने 15 सितंबर 2021 को उसे गिरफ्तार किया था और तब से वह नागपुर की सेंट्रल जेल में बंद है।

### सरकारी वकील ने पेश किए ठोस सबूत

हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान आतंकी के वकील निहाल सिंह राठौड़ ने तर्क दिया कि रईस के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं हैं कि उसने किसी अवैध गतिविधि के लिए इन स्थानों की टोह ली थी। हालांकि, सरकारी वकील देवेन्द्र चौहान ने बताया कि रईस जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा है और उसके खिलाफ पहले भी जम्मू-कश्मीर में जिंदा ग्रेनेड रखने के आरोप में मामला दर्ज हो चुका है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर रईस को जमानत देने से इनकार कर दिया।

**मध्य रेल**
सोलापुर मंडल
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, मध्य रेल सोलापूर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेलवे की प्रोक्युरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि./नि/2024/06R 1. कार्य का नाम**: भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए टेक-ऑफ साइडिंग के संबंध में विद्युत सामान्य सेवाएं कार्य का भाग (पुनः निमंत्रण)। **कार्य की लागत**: रु.66,61,906.22. **बोली प्रतिमूति**: रु. 1,33,200/-. **कार्य पूरा करने की अवधि**: 12 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता**: 60 दिन। **निविदा क्रं.: सोला/वि./नि/2024/28R1. कार्य का नाम**: सोलापुर मंडल के छत पर लगे डिजाइन के एलएचबी प्रकार के एसी कोचों पर लगे विभिन्न प्रकार के एमी पैकेज यूनिट का वार्षिक रखरखाव अनुबंध दो साल की अवधि के लिए (पुनः निमंत्रण)। **कार्य की लागत**: रु.2,17,65,593.59. **बयाना राशि**: रु.2,58,800/-. **कार्य पुरा करने की अवधि**: 24 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता**: 90 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय**: दि.15.04.2025 को 15:00 बजे।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मध्य रेल, सोलापुर,
DE/Sur-53

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

**23.03.2025 से मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस का आनंद स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव**



| 20901 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस | | स्टेशन का नाम | 20902 गांधीनगर कैपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस | |
|---|---|---|---|---|
| मौजूदा समय | संशोधित समय | | मौजूदा समय | संशोधित समय |
| समय में कोई बदलाव नहीं | | मुंबई सेंट्रल | 20.25 (ए) | 20.30 (ए) |
| - <br> - | 10.38 (ए) <br> 10.40 (डी) | आनंद | - <br> - | 15.30 (ए) <br> 15.32 (डी) |
| समय में कोई बदलाव नहीं | | अहमदाबाद | 14.50 (ए) <br> 15.00 (डी) | 14.45 (ए) <br> 14.55 (डी) |

* यह अतिरिक्त ठहराव प्रायोगिक आधार पर प्रदान किया गया है।
* अन्य स्टेशनों पर समय में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
* विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
: x.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : /WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
सार्वजनिक सूचना

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (24 जून 2021 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) के प्रावधानों के अनुसार ‘आर/उत्तर’ वार्ड से **02** प्रस्ताव और ‘आर/मध्य’ वार्ड से **02** प्रस्ताव यानी **जोन-VII** में वृक्षों को हटाने के लिए कुल **04** प्रस्ताव मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण एमसीजीएम द्वारा उक्त अधिनियम की धारा (8) की उपधारा (6) के तहत अनुमोदित किए जाते हैं।

उपर्युक्त प्रस्तावों में कटाई/रोपण के लिए वृक्षों की जानकारी एमसीजीएम की वेबसाइट **www.mcgm.gov.in** पर उपलब्ध है। हमारे बारे में - वार्ड/विभाग - विभागीय नियमावली - उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण। WS259-R/उत्तर, WS260-R/उत्तर, WS261-R/मध्य,WS262-R/मध्य।

**उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक**
उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक का कार्यालय
दूसरी मंजिल, हम्बोल्ट पेंगुइन बिल्डिंग वी.जे.बी उद्यान एवं चिड़ियाघर, संत सावता माली मार्ग, भायखला (पूर्व),
मुंबई-400 027 दूरभाष संख्या 23742162
ईमेल- sg.gardens@mcgm.gov.in

पीआरओ/2889/विज्ञा./2024-25

हस्ता./-
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

संख्या. उप मुख्य अभियंता (ओ एंड एम)/इटी 43/एसडब्ल्यूडी दिनांक 21.03.2025

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
(निविदा आईडीः 2025-एमसीजीएम-1163632)

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (एसडब्ल्यूडी) |
| उप विभाग | उप मुख्य अभियंता (ओ एंड एम) एसडब्ल्यूडी |
| विषय | वर्ष 2025 में उप मुख्य अभियंता (ओ एंड एम) एसडब्ल्यूडी के अनुभाग के अंतर्गत ‘ए’ वार्ड में जी.डी. सोमानी आउटफॉल की सफाई का कार्य। |
| ई-निविदा बिक्री | दिनांकः 22.03.2025 से समयः 11.00 बजे। |
| ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांकः 01.04.2025 समयः 16.00 बजे |
| वेबसाइट | http//mahatender.gov.in |
| संबंधित अधिकारी | |
| नाम | श्रीमती वनिता कोकाटे <br> कार्यकारी अभियंता (ओ एंड एम) यांत्रिक एस.डब्लू.डी. |
| टेलीफोन नंबर (कार्यालय) | 022-24309817 <br> 022-24309472 |
| मोबाइल नंबर | 9833539029 |
| ई-मेल पता | eeomcity01.swd@mcgm.gov.in |

पीआरओ/2901/विज्ञा./2024-25

हस्ता/-
अधिशाषी अभियंता (ओ एंड एम) यांत्रिक एस.डब्लू.डी.

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

टेलीफोन नं. 022-66405484, ई-मेल eecityslum@gmail.com

संख्या. ईई/सिटी/एमएसआईबी/ई-टेंडर/लेबरसोसाइटी/05/2024-24 (दूसरी कॉल)

कार्यकारी अभियंता (शहर) प्रभाग, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा नं. 539, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नं. (022) 66405484 लेबर को.ऑप. से बी-1 (प्रतिशत दर) के रूप में **04** कार्यों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित कर रहा है। डीडीआर, सिटी डिस्ट्रिक्ट, मुंबई के साथ पंजीकृत सोसायटी ऑनलाइन ई-टेंडरिंग सिस्टम का लाभ उठा सकती हैं। विस्तृत टेंडर नोटिस और टेंडर दस्तावेज उपलब्ध होंगे और महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। टेंडर दस्तावेज की बिक्री दिनांक **24.03.2025, दोपहर 1.05** बजे से शुरू होकर दस्तावेज बिक्री की **अंतिम तिथि 28.03.2025, शाम 5.35 बजे** तक होगी। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/203

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




## संपादकीय

# महंगी पड़ेगी किसानों की गिरफ्तारी

एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए पंजाब सरकार ने लगभग 100 किसान नेताओं की गिरफ्तारी कर शंभू-खनौरी बॉर्डर खाली तो करा दिया है। एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए पंजाब सरकार ने लगभग 100 किसान नेताओं की गिरफ्तारी कर शंभू-खनौरी बॉर्डर खाली तो करा दिया है लेकिन अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे किसानों को गिरफ्तार करना न केवल केन्द्र सरकार को महंगा पड़ेगा बल्कि पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के प्रति भी किसानों में नाराज़गी बढ़ेगी। पंजाब सरकार का यह कदम इसलिये हैरत में डालता है क्योंकि जहां एक ओर आप का समर्थन शुरू से ही किसान आंदोलन को रहा है, तो वहीं कुछ माह पहले सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने कहा था कि किसानों को हटाने या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने से देश भर के किसानों में असंतोष फैलेगा जिससे स्थिति बेकाबू हो सकती है। इस कार्रवाई के बाद आंदोलन के और तेज होने का अनुमान है क्योंकि किसान नेताओं ने ऐलान किया है कि वे अंतिम सांस तक लड़ेंगे। अचानक हुई इस कार्रवाई से यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या केन्द्र सरकार पंजाब सरकार के कंधे पर रखकर बन्दूक चला रही है? किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को चंडीगढ़ में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केन्द्र सरकार के अधिकारियों से चर्चा कर लौट रहा था तभी उन्हें मोहाली में गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही पंजाब पुलिस के सैकड़ों जवानों द्वारा आंदोलन स्थल खाली कराने का एक्शन किया गया। इस कार्रवाई में जेसीबी और बुलडोज़रों का इस्तेमाल हुआ। अनशनकारी व उनके समर्थन में बैठे किसानों के टेंट भी उखाड़ दिये गये। किसान मजदूर मोर्चे का कार्यालय, मंच और कच्चे-पक्के निर्माण ध्वस्त हो गये। पुलिस का दावा है कि सुबह तक पूरा क्षेत्र खाली हो जायेगा। समीपवर्ती इलाकों की इंटरनेट सेवाएं बन्द कर दी गयी हैं। लगभग 100 गिरफ्तार लोगों में सरवन सिंह पंढेर तथा जगजीत सिंग डल्लेवाल भी हैं जो आंदोलन के शीर्ष नेता हैं। पंजाब के वित्त मंत्री ने जले पर नमक छिड़कते हुए कहा है कि 'जिन राजमार्गों पर किसानों ने पिछले कई माह से आंदोलन जारी कर रखा है, वह नागरिकों के आवागमन में बाधा पहुंचा रहा है। ये राजमार्ग प्रदेश की जीवन रेखाएं हैं। किसानों द्वारा इन्हें अवरूद्ध करने के कारण उद्योग एवं व्यवसायों पर बुरा असर पड़ रहा है।' उनका यह भी कहना है कि 'इससे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहे हैं।' साफ है कि केन्द्र सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश वाला एमएसपी लागू नहीं करेगी क्योंकि मोदी के कारोबारी मित्रों की फूड प्रोसेस इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर उतरने की तैयारी है जिसके लिये ज़रूरी है कि किसानों के उत्पादों को कार्पोरेट के हाथों तक सस्ते दामों में पहुंचाया जाये। जो तीन कृषि कानून पास किये गये थे और किसानों के दबाव में वापस लिये गये, उनका मकसद देश की सुदृढ़ मंडी व्यवस्था को खत्म कर खाद्यान्नों पर उद्योगपतियों का पूरी तरह से आधिपत्य स्थापित करना था। इसलिये मोदी के लिये यह सम्भव नहीं है कि स्वामीनाथन की सिफारिश वाले सी-2 फार्मूले के अनुसार एमएसपी प्रदान करें जिससे किसानों का लाभ दोगुना हो। ऐसा करने पर कृषि उत्पादों पर कारोबारियों का वर्चस्व नहीं हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि मोदी ने वायदा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर दी जायेगी। निजी हाथों में फसलों को बेचकर यह सम्भव नहीं है।अकाली दल के नेता दलजीत सिंह चीमा ने पंजाब सरकार से पूछा है कि इस बैठक में क्या तय हुआ है? उनका यह शक वाजिब हो सकता है कि केन्द्र और राज्य द्वारा मिलकर यह कदम उठाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने भी इस कदम की आलोचना की है। बहरहाल, पंजाब सरकार के कंधे पर रखकर यह केन्द्र सरकार द्वारा बन्दूक चलाने का मामला हो सकता है। जो भी हो, इस दमन से किसानों के झुकने का सवाल ही पैदा नहीं होता। आश्चर्य नहीं होना चाहिये कि आंदोलन नये सिरे से फिर प्रारम्भ हो। सरकार को चाहिये कि गिरफ्तार किसानों को रिहा करे और वे वादे पूरे करे जो किसानों से किये गये थे।

## शख्सियत — सूर्य सेन

### भारतीय क्रांतिकारी



सूर्य सेन (22 मार्च 1894 — 12 जनवरी 1934) भारत की स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रान्तिकारी थे। उन्होने इंडियन रिपब्लिकन आर्मी की स्थापना की और चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व किया। वे नेशनल हाईस्कूल में सीनियर ग्रेजुएट शिक्षक के रूप में कार्यरत थे और लोग प्यार से उन्हें ‘मास्टर दा’ कहकर सम्बोधित करते थे। सूर्य सेन के पिता का नाम रमानिरंजन था। चटगांव के नोआपाड़ा इलाके के निवासी सूर्य सेन एक अध्यापक थे।

सूर्य सेन के पिता का नाम रमानिरंजन था। चटगांव के नोआपाड़ा इलाके के निवासी सूर्य सेन एक अध्यापक थे। १९१६ में उनके एक अध्यापक ने उनको क्रांतिकारी विचारों से प्रभावित किया जब वह इंटरमीडियेट की पढ़ाई कर रहे थे और वह अनुशीलन समिति से जुड़ गये। बाद में वह बहरामपुर कालेज में बी ए की पढ़ाई करने गये और युगान्तर से परिचित हुए और उसके विचारों से काफी प्रभावित रहे।महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय से संबद्ध इतिहासवेत्ता एम मलिक के अनुसार घटना 18 अप्रैल 1930 से शुरू होती है जब बंगाल के चटगांव में आजादी के दीवानों ने अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने के लिए इंडियन रिपब्लिकन आर्मी (आईआरए) का गठन कर लिया। आईआरए के गठन से पूरे बंगाल में क्रांति की ज्वाला भड़क उठी और 18 अप्रैल 1930 को सूर्यसेन के नेतृत्व में दर्जनों क्रांतिकारियों ने चटगांव के शस्त्रागार को लूटकर अंग्रेज शासन के खात्मे की घोषणा कर दी। क्रांति की ज्वाला के चलते हुकूमत के नुमाइंदे भाग गए और चटगांव में कुछ दिन के लिए अंग्रेजी शासन का अन्त हो गया।इस घटना ने आग में घी का काम किया और बंगाल से बाहर देश के अन्य हिस्सों में भी स्वतंत्रता संग्राम उग्र हो उठा। इस घटना का असर कई महीनों तक रहा। पंजाब में हरिकिशन ने वहां के गवर्नर की हत्या की कोशिश की। दिसंबर 1930 में विनय बसु, बादल गुप्ता और दिनेश गुप्ता ने कलकत्ता की राइटर्स बिल्डिंग में प्रवेश किया और स्वाधीनता सेनानियों पर जुल्म ढ़हाने वाले पुलिस अधीक्षक को मौत के घाट उतार दिया। सत्ता डगमगाते देख अंग्रेज बर्बरता पर उतर आए। महिलाओं और बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। आईआरए के अधिकतर योद्धा गिरफ्तार कर लिए गए और तारकेश्वर दस्तीदार को फांसी पर लटका दिया गया। वे एक कार्यकर्ता, एक किसान, एक पुजारी, गृह कार्यकर्ता या धार्मिक मुसलमान के रूप में छिपे रहे। बंगलादेश सरकार ने उसे उनके स्मृति स्थान के रूप में समर्पित कर उनकी याद को सहेजने का प्रयास किया है। कोलकाता मेट्रो ने बांशद्रोणी स्टेशन का नाम 'मास्टर सूर्य सेन मेट्रो स्टेशन' रखा है। कुछ सड़कें उनके नाम पर भी हैं, उदाहरणतया, कोलकाता के दक्षिणेश्वर के पास सूर्य सेन रोड।

# सरकारी जवाबदेही व जनभागीदारी से संरक्षण



योगी कुमार गोयल

पृथ्वी पर जीवन के लिए वन अनिवार्य हैं, जो जैव विविधता, जलवायु नियंत्रण और ऑक्सीजन का मुख्य स्रोत हैं। विश्वव्यापी स्तर पर संरक्षण के लिए अंधधंध से उत्पन्न संकट को रोकना आवश्यक है। पृथ्वी पर संतुलन भंडार में जीव-जंतुओं और वनों का अहम योगदान है। वनों का कार्य न केवल जीव-जंतुओं का आवास और भोजन प्रदान करना है, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की अनुभूति के लिए भी वनों का होना अनिवार्य है। पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन का मुख्य स्रोत वन हैं, जो वातावरण से कार्बन डाइआक्साइड सोखकर उसे ऑक्सीजन में मिलाते हैं। वन वर्षा, शीतोष्ण कटिबंध, विविधता कटाव निषेध और जैव विविधता को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों की मजबूत आधारभूत मिट्टी को भारी वर्षा में कटाव और बाढ़ का खतरा कम होता है। हालाँकि, वनों की अंधाधुंध कटाई से जीव-जंतुओं के आवास स्थान घट गए हैं और जैव विविधता पर खतरा मंडरा रहा है। हर साल दुनिया भर में जंगलों में लगी आग के कारण लाखों जंगल और जीव जंतुओं के कई अवशेष नष्ट हो जाते हैं। वर्ष 2020 में ऑस्ट्रेलिया के रेगिस्तान में भीषण आग लगने से न केवल जनसंख्या की विविधता को नुकसान पहुंचा, बल्कि बड़ी संख्या में जंगलों में भी जलकर खाक हो गया। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन दशकों में विश्वभर में लगभग एक अरब डॉलर वन नष्ट हो चुके हैं।

कुछ दशक पहले तक पृथ्वी का लगभग 50 प्रतिशत भू-भाग वनों से प्राप्त हुआ था, लेकिन अब यह केवल 30 प्रतिशत रह गया है। पर्यावरण विशेषज्ञ के अनुसार, वनों की शेष संख्या का सीधा प्रभाव पृथ्वी पर मौजूद जैव विविधता पर है। वृक्षों और वनों के दृश्यों से जीव-जंतुओं के आवास पर संकट और वन्यजीवों के मौसम के रूप में मानव जाति पर भी इसका गंभीर प्रभाव सामने आता है। वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण वैश्विक और प्राकृतिक आपदाओं की गिरावट बढ़ रही है।


यदि भविष्य में वनों की संख्या नहीं बढ़ती है, तो जनसंख्या जनसंख्या के कारण पृथ्वी पर ऑक्सीजन, मिट्टी और स्वच्छ जल की भारी कमी हो सकती है। वन पृथ्वी के फेफड़ों का कार्य करते हैं, जो वातावरण से डाइऑक्साइड डाइऑक्साइड, पूर्व निर्धारित, अमेरिका, ओजोन सहित प्रदूषक गैसों को अपने भीतर समाहित कर वातावरण में प्राणवायु स्थापित करते हैं। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर वनों के प्रति जागरूकता फैलाने, संरक्षण में समाज का योगदान प्राप्त करने और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस' मनाया जाता है। वर्ष 2025 का विषय 'वन एवं खाद्य पदार्थ' है, जिसमें वनों की खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं खाद्य पदार्थों की महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है। वन केवल भोजन, जल, आय और रोजगार प्रदान नहीं करते हैं, वे मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखते हैं, जल संसाधनों की रक्षा करते हैं, और जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण आवास भी प्रदान करते हैं, जिसमें परानकों का भी योगदान है। इसके अलावा, वन-निर्भर कॉलोनी, विशेष रूप से स्थानीय लोगों के जीवन के लिए आवश्यक हैं और वे जलवायु परिवर्तन के शमन में भी मदद करते हैं, क्योंकि वे कार्बन को संगृहीत करते हैं। पृथ्वी का वह क्षेत्र, जहाँ वनों का घनत्व अधिक है। वनों के विभिन्न प्रकार पाए जाते हैं, जैसे सदाबहार वन, मैंग्रोव वन, शंकरधारी वन, आकाशीय वन, शीतोष्ण वन, पर्णपाती वन, बोरील वन और कंठदार वन, जो विभिन्न जलवायु और जलवायु के अनुसार विभाजित होते हैं। भारत में प्रमुख वनों में सदाबहार वन, मैंग्रोव वन, शंकरधारी वन, पर्णपाती वन और शीतोष्ण कटिबंधीय वन शामिल हैं। सदाबहार वनों को वर्षा वन भी कहा जाता है, जो पश्चिमी घाट, अंडमान-निकोबार जैसे उच्च वर्षा क्षेत्र और सुदूर भारत में पाए जाते हैं। इन वनों में वृक्ष एक-दूसरे से मिलकर सूर्य के प्रकाश को जमीन तक नहीं पहुंचाते। मैंग्रोव वनों का विकास डेल्टा और नदियों के किनारे लवणयुक्त जल में होता है। पर्णपाती वन में मध्यम वर्षा वाले क्षेत्र पाए जाते हैं, जहाँ वर्षा केवल कुछ महीनों के लिए होती है। आपदा के दौरान तेज बारिश और सूरज की रोशनी के कारण इन वनों में तेजी से वृद्धि होती है, और गर्मी और बारिश के मौसम में पेड़ों की आबादी कम हो जाती है। नये पत्ते चैत्र माह में उगते हैं। खजूर, कैक्टस और नागफनी के जंगल जैसे जंगल जंगलों में पाए जाते हैं, जहां जंगली जंगल तक समाई होते हैं और ये जल संरक्षण में मदद करते हैं। शीतोष्ण वन मध्यम भूमि वाले स्थान पर और बोरिल वन ध्रुवीय क्षेत्र के निकट पाए जाते हैं। इस संकट को देखते हुए, वर्ष 2021 के ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में 100 से अधिक देशों ने वर्ष 2030 तक वनों की अंधाधुंध कटाई पर पूरी तरह से लागू करने का संकल्प लिया था। वनों की कटाई और प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण कई मामले लुप्त हो रहे हैं और वैश्विक स्तर पर लगातार जलवायु का खतरा बढ़ रहा है, जिससे मौसम में बड़े पैमाने पर बदलाव हो रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए, पूरी दुनिया को एकजुट होकर वनों के संरक्षण और उनके विनाश को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

## जीवन मंत्र

# अपने शरीर को पहले समझें

पतिव्रता ने सभी आज्ञाओं का पालन किया। तब उस कीड़े ने अपना लंबा रास्ता पार करना शुरू किया। सामने शहद की महक पाकर उसके लोभ से वह धीरे-धीरे ऊपर चढ़ने लगा और मीनार की चोटी पर जा पहुंचा, मंत्री ने झट उसे पकड़ लिया और उसके साथ रेशम के सूत को भी।

एक मंत्री था। किसी कारणवश राजा उस पर नाराज हो गया। राजा ने एक ऊंची मीनार पर मंत्री को कैद रखने की आज्ञा दी। राजा की आज्ञा का पालन किया गया। मंत्री अपनी मौत की राह देखने लगा। मंत्री की पत्नी पतिव्रता थी। एक रात मीनार के नीचे आकर उसने पति से ऊंची आवाज में पूछा, 'मैं कैसे आपकी रक्षा करूं?' मंत्री ने कहा, 'कल रात एक लंबा मोटा रस्सा, एक मजबूत डोरी, एक बंडल सूत, रेशम का पतला सूत, एक भृंग और थोड़ा-सा शहद लेती आना।' पत्नी कुछ चकित हुई, पर पति की आज्ञा के अनुसार अगली रात वह सभी वस्तुएं ले आई।मंत्री ने उससे कहा, 'रेशम का सूत मजबूती से भृंग के पैर में बांध दो, उसकी मूंछों में एक बूंद शहद लगा दो और उसका सिर ऊपर की ओर करके उसे मीनार की दीवार पर छोड़ दो। पतिव्रता ने सभी आज्ञाओं का पालन किया। तब उस कीड़े ने अपना लंबा रास्ता पार करना शुरू किया। सामने शहद की महक पाकर उसके लोभ से वह धीरे-धीरे ऊपर चढ़ने लगा और मीनार की चोटी पर जा पहुंचा, मंत्री ने झट उसे पकड़ लिया और उसके साथ रेशम के सूत को भी। इसके बाद उसने पत्नी से कहा, 'बंडल में जो सूत है, उसे रेशम के सूत के



छोर से बांध दो। इस तरह वह भी उसके हाथों में आ गया। इसी उपाय से उसने डोरी और मोटे रस्से को भी पकड़ लिया। अब कोई कठिन काम न रह गया। । रस्सा ऊपर बांधकर वह नीचे उतरा और भाग खड़ा हुआ। हमारी इस देह में श्वास-प्रश्वास की गति मानो रेशमी सूत है। इसके धारण या संयम कर सकने पर पहले स्नायविक शक्तिप्रवाह रूप (नर्व करेंट) सूत का बंडल, फिर मनोवृत्ति रूप डोरी और अंत में प्राण रूप रस्से को पकड़ सकते हैं। प्राणों को जीत लेने पर मुक्ति प्राप्त होती है। हम अपने शरीर के संबंध में बहुत कम जानते हैं। इसका कारण क्या है? कारण यह है कि हम मन को उतनी दूर तक एकाग्र नहीं कर सकते, जिससे हम शरीर के भीतर की अति-सूक्ष्म गतियों को समझ सकें।मन जब बाह्य विषयों का परित्याग करके देह के भीतर प्रविष्ट होता है और अति-सूक्ष्म अवस्था प्राप्त करता है, तभी हम उन गतियों को जान सकते हैं। इस प्रकार सूक्ष्म अनुभूति से संपन्न होने के लिए हमें पहले स्थूल से आरंभ करना होगा। देखना होगा, सारे शरीर यंत्र को चलाता कौन है और उसको अपने वश में लाना होगा। वह प्राण है, इसमें कोई संदेह नहीं। हमारा मन स्नायविक शक्तिप्रवाहों से संचालित हो रहा है, इसीलिए उन पर विजय पाने से मन और शरीर, दोनों हमारे अधीन हो जाते हैं। ज्ञान ही शक्ति है और यह शक्ति प्राप्त करना ही हमारा उद्देश्य है। इसलिए हमें प्राणायाम-प्राण के नियमन- से प्रारंभ करना चाहिए।


## जीवन ऊर्जा

हनुमान प्रसाद पोद्दार : निधन 22 मार्च 1971 — देहावसान

# सच्चा भक्त अपनी ओर से किसी चमत्कार की इच्छा नहीं रखता

हनुमान प्रसाद पोद्दार का जन्म शिलांग में 17 सितम्बर, 1892 को हुआ था। उनको प्यार से भाई जी कहकर भी बुलाते हैं। हनुमान प्रसाद पोद्दार का नाम गीता प्रेस स्थापित करने के लिये भारत व विश्व में प्रसिद्ध है। गीता प्रेस उत्तर प्रदेश के गोरखपुर नगर में स्थित है। 35 वर्ष की आयु में 1927 में गोरखपुर आ गए। यहां गीता वाटिका की स्थापना की। 22 मार्च 1971 को उनका निधन हो गया ।

तर्क भ्रान्ति लाती है कि रोटी-रोटी करने से पेट थोड़े ही भरता है? पर विश्वास करो, भगवन्नाम रोटी की तरह जड़ शब्द नहीं है। भगवान का सच्चा भक्त कभी भी अपनी ओर से किसी चमत्कार की इच्छा नहीं रखता। नाम और नामी में कोई अन्तर ही नहीं है । जिस प्रकार अग्नि में दाहिकाशक्ति स्वाभाविक है, उसी प्रकार भगवन्नाम में पाप को- विषय-प्रपंचमय जगत् के मोहको जला डालने की शक्ति स्वाभाविक है, विशेषकर कलियुग में तो भगवन्नाम के सिवा और कोई साधन ही नहीं है। चित्त की शान्ति के लिए प्रयास करना बड़ा ही कठिन है। भगवान् के बल से सभी कुछ सम्भव है, सभी विपत्तियां हट सकती हैं। सारी लंका जल गयी, पर हनुमानजी की पूंछ नहीं जली, क्योंकि सीता मैया ने पूँछ नहीं जलने का संकल्प जो कर लिया था।



हनुमानजी को गरमी तक का अनुभव नहीं हुआ। भगवान् का आश्रय होने पर पूंछ में आग लगकर भी पूंछ न जले, यह सर्वथा सम्भव हैं। निरन्तर भगवान् का नाम लो, कीर्तन करों, मेरे विचार से सर्वोत्तम साधन यही है। भगवान् पर विश्वास हो, उनकी कृपा का भरोसा हो और नाम-जप होता रहे तो अपने-आप ही निर्भयता आयेगी, साहस आयेगा, विपत्ति का टलना भी इसी उपाय से होग । किस चीज की प्राप्ति में हमारा भला है, इस बात को ठीक-ठीक से केवल भगवान् ही जानते हैं। इसलिए भगवान् के ऊपर योगक्षेम का भार छोड़ देने में ही परम लाभ है। कलियुग में तो भगवन्नाम के सिवा और कोई साधन ही नहीं है। भगवान् नित्य हमारे पास हैं, अत्यन्त समीप हैं।

भगवान् के बल से सभी कुछ सम्भव है, सभी विपत्तियां हट सकती हैं। भगवान् पर विश्वास हो, तो अपने-आप ही निर्भयता आयेगी, साहस आयेगा, विपत्ति का टलना भी इसी उपाय से होगा। कर्तव्य के प्रति ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने वाला ही सच्चा सनातन धर्मावलंबी बनता है। गीता प्रेस, धार्मिक पुस्तकें और हनुमान प्रसाद पोद्दार ‘भाईजी’ एक दूसरे के पर्याय है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भगवन्नाम जप से लाभ होता ही है

**राम राम सब कोई कहे दशरथ कहे न कोय।**
**एक बार दशरथ कहे कोटि यज्ञ फल होय।।**


एक बार सच्चे हृदय से दसों इंद्रियों को बस में करके भगवान राम का नाम लिया जाए तो करोड़ो यज्ञ के फल के बराबर श्रीराम नाम है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

भगवन्नाम जप से लाभ होता ही हैलेकिन नामजप अपनापन पूर्वक किया जाय तो विशेष लाभ होता है एक बालक माँमाँ करके रोता है जिनके बालक हैउन सबका नाम माँ है। परन्तु वह जिसको माँ कहकर रो रहा हैउस माँ पर असर पड़ता है ऐसे रामराम सभी करते हैं परन्तु जो भगवान् का होकर भगवान् को पुकारता हैउसका असर विलक्षण पड़ता है । आज के समय में भगवन्नाम लेने पर भी वैसा लाभ नहीं दिखता है इसमें कारण यही है कि आप स्त्रीपुत्र शरीरसंसार के होकर भगवान् को पुकारते हैंजिससे भगवन्नाम का विशेष माहात्म्य प्रकट नहीं होता है।

**बिगरी जनम अनेक की सुधरे अबहीं आजु।**
**होहि राम को नाम जपु तुलसी तजि कुसमाजु॥**



दया के भंडार प्रभु की एक बान है कि जिसे किसी दूसरे का सहारा नहीं हैवह उन्हें प्रिय होता हैअनन्य भाव से केवल भगवान् का होकर भगवान् के नाम जप करना है अनन्य भाव की बड़ी महिमा है। सेवा करने के लिए सब अपने हैंइसके अलावा न घर वाले अपने हैं न मैं घर वालों का हूँमिले हैं और समय होते ही बिछडजायेंगेसदा के लिए तो एक भगवान् ही अपने हैंजो कभी किसी का साथ छोडते ही नहीं ये बात आपके जँच जाय तो बेड़ा पार है जिन घर वालों में अपनापन दिखता हैइसका मतलब यही है कि उनकी सेवा की विशेष जिम्मेदारी हमारे ऊपर है। श्रीमद्भागवत में कथा आती है जब तक गजराज के अपने बल का और परिजनों के बल का आश्रय रहा तब तक भगवान् नहीं आये लेकिन जैसे ही निर्बलता पूर्वक भगवान् को पुकारा आधे नाम में ही भगवान् ने आकर गजराज को मगरमच्छ के बन्धन से छुड़ा दिया भगवान् के अलावा दूसरों को अपना मानना ही कुसंग है।

**एक भरोसो एक बल एक आस बिस्वास।**
**एक राम घन स्याम हित चातक तुलसीदास॥**

शरीरसंसार में अपनापन छोड़ना चाहते हैं तो पहले अपनी शक्ति पूरी लगा कर देख लेंफिर भी नहीं छूटे तो निर्बलता पूर्वक भगवान् को पुकारें तो भगवान् छुडा देंगे अपना बल पूरा लगाये वगैर साधक में निर्बलता आती नहीं है। और सच्ची पुकार निकलती नहीं है जो बाधा आती हो पहले अपनी शक्ति लगाकर देख लें और अपने बल से नहीं छूटती हो और आप हृदय से छोडना चाहें तो भगवान् छुड़ा देते हैं।

## अपने विचार



अब नीतीश कुमार सरकार चलाने और फैसले लेने के लिए पूरी तरह स्वस्थ नहीं हैं। आश्चर्य की बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी इस बात से वाकिफ हैं ,लेकिन दिल्ली की सरकार चलाने के लिए वे बिहार की जनता के साथ अन्याय कर रहे हैं।

**-प्रशांत किशोर,** अध्यक्ष, जन सुराज पार्टी



वे नीतीश कुमार का व्यक्तिगत रूप से इज्जत करते हैं। लेकिन, राष्ट्रगान के मुद्दे पर चुप नहीं रह सकते। उन्होंने राष्ट्रगान का अपनान किया है। बिहारी होने के नाते हमलोग शर्मिंदा हैं। उन्हें इसके लिए माफी मांगना चाहिए।

**-तेजस्वी यादव**, ,नेता,आरजेडी



तेजस्वी यादव कुछ बोलने से पहले यह याद करें कि वे एक सजायाफ्ता के बेटे हैं और खुद 420 के आरोपी हैं। एक ऐसे व्यक्तित्व को ज्ञान दे रहे हैं जिनके पिता स्वतंत्रता सेनानी थे। नीतीश कुमार दलित के हाथ में राष्ट्रीय झंडा देने वाले शख्सियत का नाम है।

**-नीरज कुमार** , मुख्य प्रवक्ता, जेडीयू



पिछले 10 सालों में अफसरों की चमड़ी मोटी हो गई है, लेकिन हम भी इन से काम करवा कर ही रहेंगे। वहीं, काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर पर सख्त से सख्त कार्रवाई भी होगी।

**-प्रवेश वर्मा,** ,मंत्री, दिल्ली सरकार

### अपने विचार

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
**indiagroundreport@gmail.com**
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार)।

## 'रेल नीर' के जरिए यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की पहल

**भुसावल।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण पैकेज्ड पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 'रेल नीर' ब्रांड को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह पहल 2002-03 के केंद्रीय बजट में लिए गए फैसले के तहत की गई थी, जिसके अंतर्गत आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम) द्वारा रेल नीर का उत्पादन शुरू किया गया था। 'रेल नीर' को आईआरसीटीसी द्वारा निर्धारित कठोर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार किया जाता है। प्रत्येक बोतल को नियमित जांच और परीक्षण प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है ताकि यात्रियों को शुद्ध, सुरक्षित और ताजा पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। प्लांट और स्टेशनों पर हेल्थ इंस्पेक्टर नियमित रूप से रेल नीर के सैंपल की जांच करते हैं। यदि किसी स्टेशन पर रेल नीर की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत मिलती है, तो तत्काल सैंपल लेकर लैब में परीक्षण किया जाता है। रेल नीर की आपूर्ति बाधित होने पर अन्य प्लांट से बोतलों की व्यवस्था की जाती है या रेलवे द्वारा अनुमोदित ब्रांड के पानी की बिक्री की अनुमति दी जाती है।

## कल्याण-डोंबिवली मनपा में असाक्षरता परीक्षा का आयोजन

**कल्याण।** केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित नवभारत साक्षरता अभियान के तहत महाराष्ट्र राज्य शासन के शिक्षा विभाग के आदेशानुसार, कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र में असाक्षर व्यक्तियों की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस शैक्षणिक वर्ष में सर्वेक्षण के माध्यम से जिन असाक्षरों की नोंदणी की गई है, उनमें से कुल 2153 असाक्षर व्यक्तियों की परीक्षा रविवार, 23 मार्च 2025 को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के संदर्भ में सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं सीआरसी प्रमुखों की बैठक में चर्चा की गई हैं। सीआरसी प्रमुख अपने क्षेत्र के सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों की बैठक में इन सूचनाओं को साझा करेंगे। परीक्षा केंद्रों पर जिला, तालुका, मनपा स्तर के अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी और सीआरसी प्रमुख जानकारी प्राप्त करने के लिए निरीक्षण करेंगे।

## महापालिका की त्वरित कार्रवाई, 6/फ प्रभाग में 10 दुकानें सील

**डोंबिवली।** डोंबिवली (पूर्व) में नेहरू रोड पर स्थित छत्रपती शिवाजी महाराज सब्जी मंडी में महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ के निर्देशों के अनुसार संपत्ति विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संपत्ति विभाग के उपआयुक्त रमेश मिसाळ के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त सविता हिले ने अपनी टीम के साथ मिलकर 8 लाख रुपये की बकाया राशि के चलते 10 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई महापालिका द्वारा बकाया वसूल करने के उद्देश्य से की गई है, जो यह दर्शाती है कि महापालिका अपने वित्तीय दायित्वों को गंभीरता से ले रही है।

# PUSMA ने एआई कार्यशाला का किया आयोजन

- शिक्षा में एआई के एकीकरण पर जोर
- 160 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

साकेत कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कल्याण और प्राइवेट अनएडेड स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन (PUSMA) के संयुक्त तत्वावधान में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुंबई महानगर क्षेत्र के 60 से अधिक स्कूलों के ट्रस्टी, प्रधानाचार्य और समन्वयकों सहित 160 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति



कार्यक्रम में कल्याण-डोंबिवली नगर निगम के उपायुक्त संजय जाधव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी बदलावों और एआई की भूमिका पर प्रकाश डाला। सी.ए. चक्रदेव (एसोसिएट डीन और प्रिंसिपल) ने कहा कि यदि आप प्रौद्योगिकी के साथ अपडेट नहीं रहेंगे, तो प्रौद्योगिकी आपको बाहर कर देगी। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में एआई को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। PUSMA के पूर्व चेयरमैन और आर्य ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन भरत मलिक ने कहा कि एआई और सीखना एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। शिक्षकों को शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए नए उपकरणों के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। अंत में अशोक साल्वे ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कार्यशाला एआई के शैक्षणिक एकीकरण पर जीवंत चर्चा के साथ संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने अपनी शिक्षण विधियों में एआई को अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

### वरिष्ठ शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

इस कार्यशाला में PUSMA अध्यक्ष डॉ. अर्चना रोड्रिग्स, साकेत ज्ञानपीठ के सचिव साकेत तिवारी, PUSMA सचिव डोमिनिक पॉल, पूर्व अध्यक्ष भरत मलिक, एडवोकेट अशोक साल्वे और अजीत बालन की प्रमुख भूमिका रही। कार्यशाला का संचालन GEMS एजुकेशन इंडिया रीजन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विलिब्रॉर्ड जॉर्ज ने किया। उन्होंने एआई के शैक्षिक संस्थानों में व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की।

**कार्यशाला के प्रमुख विषय:** कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को एआई टूल्स के उपयोग में दक्ष बनाना था, जिससे वे शिक्षण को अधिक प्रभावी बना सकें। सत्र में इन पाठ निर्माण और योजना के लिए ChatGPT, आरेख और इन्फोग्राफिक्स के साथ पुस्तकें बनाने के लिए Napkin AI, वॉयस बॉट और एजेंट विकसित करने के लिए Play AI, वीडियो क्राफ्टिंग और कैप्शनिंग के लिए HeyGen App, एआई मार्केटिंग रणनीति जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

## भुसावल मंडल ने समयपूर्व हासिल किया माल एवं कैटरिंग राजस्व लक्ष्य

**डीबीडी संवाददाता | भुसावल**

भुसावल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित माल एवं कैटरिंग राजस्व लक्ष्यों को समयपूर्व प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। यह सफलता मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व, अधिकारियों-कर्मचारियों के समर्पण और कुशल रणनीति का परिणाम है।

### मालभाड़ा राजस्व में बढ़ोतरी

भुसावल मंडल को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मालभाड़ा राजस्व लक्ष्य 594 .81 करोड़ निर्धारित किया गया था। मंडल ने इस लक्ष्य को समयपूर्व प्राप्त करते हुए 19 मार्च 2025 तक 613 .24 करोड़ का मालभाड़ा राजस्व अर्जित किया, जो निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि मंडल ने माल परिवहन सेवाओं को कुशलता से प्रबंधित किया तथा उद्योगों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान की।




### कैटरिंग राजस्व लक्ष्य प्राप्ति

भुसावल मंडल को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कैटरिंग सेवा से होने वाली आय के लिए 10 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। भुसावल मंडल ने इस लक्ष्य को भी समयपूर्व प्राप्त करते हुए 19 मार्च 2025 तक 10 .47 करोड़ की आय अर्जित की। यह दर्शाता है कि मंडल ने यात्री सुविधाओं को बढ़ाने एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सेवाएं प्रदान करने के अपने प्रयासों में सफलता प्राप्त की है।

# IRCTC की 'भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन' से आध्यात्मिक यात्रा

- 09 रातें, 10 दिन और 5000 किमी की धार्मिक यात्रा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय रेलवे ने ₹एक भारत श्रेष्ठ भारत₹ और ₹देखो अपना देश₹ पहल के तहत घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के जरिए एक विशेष आध्यात्मिक टूर पैकेज शुरू किया है। यह 09 रातों और 10 दिनों की धार्मिक यात्रा होगी, जिसमें यात्री 5000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस सफर में महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण किया जाएगा, जो यात्रियों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा।

### देखो अपना देश अभियान के तहत आध्यात्मिक अनुभव




बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर "उत्तर भारत देवभूमि गुरु कृपा के साथ" सोमवार 17 अप्रैल 2025 (गुरुवार) को पुणे रेलवे स्टेशन से 09 रातों/10 दिनों की यात्रा कार्यक्रम के साथ रवाना होने के लिए तैयार है। भारतीय रेलवे ने भारत सरकार के "देखो अपना देश" और "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने की पहल की है।

**सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा** आईआरसीटीसी अपनी विशेष और आधुनिकतम मिश्रित एसी/नॉन एसी टूरिस्ट ट्रेन में ऐतिहासिक और धार्मिक यात्रा का लाभ उठाने के लिए आपका स्वागत करता है। खूबसूरत एलएचबी ट्रेन कोच में आधुनिक रसोई सहित कई अद्भुत विशेषताएं हैं। ट्रेन में प्रत्येक कोच के लिए सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड की उन्नत सुरक्षा विशेषताएं हैं।

# मध्य रेल सोलापुर मंडल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025

- महिला कर्मचारियों के योगदान को किया गया सम्मानित

**डीबीडी संवाददाता | सोलापुर**

मध्य रेल सोलापुर मंडल ने 20 मार्च 2025 को सिद्धेश्वर ऑफिसर्स क्लब, सोलापुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में रेलवे में महिला कर्मचारियों के योगदान को विशेष रूप से सराहा गया। समारोह की शुरुआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई, जिसमें महिलाओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद, कार्यक्रम का उद्घाटन डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) डॉ. सुजीत मिश्रा और अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण

कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों और उनकी बेटियों द्वारा नृत्य, गायन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे उनकी विविध प्रतिभाओं को उजागर किया गया। सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ (मध्य रेल महिला कल्याण संगठन) द्वारा विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।



### महिलाओं की भूमिका पर जोर

डीआरएम डॉ. सुजीत मिश्रा ने अपने संबोधन में रेलवे कार्यबल में महिलाओं की भूमिका और लैंगिक समानता के महत्व को रेखांकित किया। अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए।

### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक श्री अंशुमाली कुमार, सभी शाखा अधिकारी, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के पदाधिकारी और आमंत्रित अतिथि डॉ. संजीव ठाकुर (डीन, डॉ. वी.एम. मेडिकल कॉलेज, सोलापुर), श्री विजय दीक्षित और श्रीमती अनुराधा पाटिल उपस्थित रहे। मध्य रेल सोलापुर मंडल अपनी महिला कर्मचारियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने और समावेशिता व सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में पश्चिम रेलवे चलाएगा 930 फेरे वाली स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

यात्रियों की सुविधा और ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए 29 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों के 930 फेरे चला रहा है। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और राजस्थान के लिए 16 जोड़ी ट्रेनों के 376 फेरे, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए 7 जोड़ी ट्रेनों के 140 फेरे, और तेलंगाना व कर्नाटक के लिए 2 जोड़ी ट्रेनों के 106 फेरे शामिल हैं। मुंबई से 12 जोड़ी ट्रेनों के 148 फेरे संचालित किए जा रहे हैं, जबकि गुजरात के अहमदाबाद, गांधीधाम, वडोदरा, वलसाड, राजकोट सहित अन्य स्टेशनों से भी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इन ट्रेनों में 300 से अधिक जनरल सेकंड क्लास कोच जोड़े गए हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों और आम जनता को लाभ मिलेगा।

## नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

- स्थानीय कार्यालयों की 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत पहल

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

जिला परिषद, ठाणे के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए स्थापना एवं अन्य विषयों पर बुनियादी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बी.जे. हाई स्कूल, ठाणे में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे आयोजित हुआ। प्रशिक्षण सरकारी कामकाज को बेहतर बनाने में मददगार इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) रोहन घुगे ने कहा, 'नवनियुक्त कर्मचारियों को सरकारी कार्यप्रणाली को समझने और उसमें दक्षता हासिल करने के लिए यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। सरकारी कामकाज में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए यह प्रशिक्षण सहायक सिद्ध होगा।'

### वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी, 165 कर्मचारियों को प्रशिक्षण



इस कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे, शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) ललिता दहीतुले, जिला कृषि अधिकारी एम. एम. बछोटीकर, सहायक प्रशासन अधिकारी कल्पना तोरवणे और विस्तार अधिकारी (सामान्य प्रशासन विभाग) वैभव वायकर समेत कई अधिकारी व प्रशिक्षक उपस्थित थे। कुल 165 नवनियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण के तहत सरकारी कामकाज की प्रक्रिया और उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर बनाया गया भव्य उद्यान

**डीबीडी संवाददाता | भुसावल**

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर भुसावल रेलवे मंडल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेल कोच रेस्टोरेंट को हटाकर एक सुंदर बगीचे का विकास किया। यह निर्णय मंडल रेलवे प्रबंधक इति पांडे द्वारा स्थानीय नागरिकों की भावनाओं और प्रशासनिक समन्वय को ध्यान में रखते हुए लिया गया।

### शहरवासियों के सम्मान में ऐतिहासिक निर्णय

**जनता की मांग पर त्वरित कार्रवाई**

स्थानीय नागरिकों और मीडिया की आपत्ति के बाद मंडल रेलवे प्रबंधक ने त्वरित निर्णय लेते हुए टेंडर को रद्द कर दिया और रेल कोच की नीलामी की। इसके स्थान पर रेलवे प्रशासन ने एक सुंदर बगीचे का निर्माण किया, जिससे छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दृश्य खुला और भव्य हो गया।

**स्थानीय नागरिकों की भावनाओं का सम्मान** रेल कोच रेस्टोरेंट, जिसे रेलवे अधिकारियों द्वारा टेंडर के माध्यम से स्थापित किया गया था, छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दृश्य अवरुद्ध कर रहा था और स्टेशन की सुंदरता को प्रभावित कर रहा था। साथ ही, प्रतिमा के पास नॉन-वेज भोजन की उपलब्धता पर भी नागरिकों ने आपत्ति जताई।



इस पहल से न केवल भुसावल स्टेशन की सौंदर्यता में वृद्धि हुई, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति और भावनाओं के सम्मान का भी प्रतीक बना। मंडल रेलवे प्रबंधक इति पांडे ने कहा कि रेलवे प्रशासन जनता के हित में निर्णय लेकर शहर के विकास को प्राथमिकता देता रहेगा।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृष:** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें।

**मिथुन:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी।

**कर्क:** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा।

**सिंह:** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा।

**कन्या:** मेहनत का फल मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

**तुला:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक:** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**धनु:** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

**मकर:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी।

**कुंभ:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी।


**मीन:** बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है।

# लग्न के अनुसार मारक ग्रह -

ज्योतिष शास्त्र में कुंडली के छठे भाव को रोग का भाव माना गया है एवं इसके अधिपति ग्रह जिसे 'षष्ठेश' कहा जाता है, रोग का अधिपति ग्रह माना गया है। यदि किसी जातक पर 'षष्ठेश' की महादशा या अंतर्दशा चल रही हो तो वह निश्चित ही किसी ना किसी रोग से पीड़ित होगा। जन्मपत्रिका में 'षष्ठेश' रोग का पक्का कारक होता है। अतः यदि कोई जातक जन्मपत्रिका के अनुसार 'षष्ठेश' की महादशा या अंतर्दशा भोग रहा है तो वह अवश्य ही रोग से पीड़ित हो जाएगा। यदि 'षष्ठेश' जन्मपत्रिका के किसी शुभ या लाभ भाव में स्थित हो तो ऐसे में रोगग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसा जातक शीघ्र ही रोग से मुक्त नहीं होता।

अब जानते है 12 लग्नानुसार 'मारकेश' व 'षष्ठेश' कौन से ग्रह होते हैं जिनकी महादशा, अंतर्दशा व प्रत्यंतर दशा में व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति अत्यंत सावधान रहना चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

जन्म लग्न से तृतीय और अष्टम स्थान आयु कम माना जाता है तथा द्वितीय व सप्तम स्थान को मारक स्थान कहा जाता है। कभीकभी षष्ठेश व्ययेश एवं अष्टमेश की दशा अन्तर्दशा भी मारक हो जाती है।परस्पर

षष्ठेश एवं अष्टमेश की दशा अन्तर्दशाएं तथा मारक की अन्तर्दशा शुभ नहीं होतीहै। पापग्रहों की दशायें भी अनिष्टकारक हो जाती हैं।

1. मेष लग्न- मेष लग्न के जातकों के लिए शुक्र व मंगल 'मारकेश' एवं बुध 'षष्ठेश' होता है।
2. वृषभ लग्न- वृषभ लग्न के जातकों के लिए बुध व मंगल 'मारकेश' एवं शुक्र 'षष्ठेश' होता है।
3. मिथुन लग्न- मिथुन लग्न के जातकों के लिए चंद्र व गुरु 'मारकेश' एवं मंगल 'षष्ठेश' होता है।
4. कर्क लग्न- कर्क लग्न के जातकों के लिए सूर्य व शनि 'मारकेश' एवं गुरु 'षष्ठेश' होता है।
5. सिंह लग्न- सिंह लग्न के जातकों के लिए बुध व शनि 'मारकेश' एवं शनि 'षष्ठेश' होता है।
6. कन्या लग्न- कन्या लग्न के जातकों के लिए शुक्र व गुरु 'मारकेश' एवं शनि 'षष्ठेश' होता है।
7. तुला लग्न- तुला लग्न के जातकों के लिए मंगल 'मारकेश' एवं गुरु 'षष्ठेश' होता है।
8. वृश्चिक लग्न- वृश्चिक लग्न के जातकों के लिए गुरु व शुक्र 'मारकेश' एवं मंगल 'षष्ठेश' होता है।
9. धनु लग्न- धनु लग्न जातकों के लिए शनि व बुध 'मारकेश' एवं शुक्र 'षष्ठेश' होता है।
10. मकर लग्न- मकर लग्न के जातकों के लिए शनि व चंद्र 'मारकेश' एवं बुध 'षष्ठेश' होता है।
11. कुंभ लग्न- कुंभ लग्न के जातकों के लिए गुरु व सूर्य 'मारकेश' एवं चंद्र 'षष्ठेश' होता है।
12. मीन लग्न- मीन लग्न जातकों के लिए मंगल व बुध 'मारकेश' एवं सूर्य 'षष्ठेश' होता है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




## अवैध मदरसों पर कार्रवाई, अब तक 110 सील



**देहरादून:** उत्तराखंड में अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में 18 मदरसों को सील किया गया है। जिसमें से उधमसिंह नगर में 16 और हरिद्वार जिले में 2 मदरसों पर सीलिंग की कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहले ही इस बात पर जोर दे चुके हैं कि प्रदेश के मूल स्वरूप के साथ छेड़छाड़ और धर्म की आड़ में अवैध रूप से धंधा चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसके तहत उत्तराखंड में अभी तक 110 मदरसों को सील किया जा चुका है।

## सिमडेगा में भाड़े के घर से साइबर अपराधी गिरफ्तार



**सिमडेगा:** सदर थाना पुलिस को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो देवघर के रहने वाले हैं। बीते कुछ दिनों से तीनों आरोपी सिमडेगा में किराए के घर में रह रहे थे। अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड, रांची के 'प्रतिबिंब पोर्टल' में संदिग्ध मोबाइल नंबर दर्ज था। संदिग्ध नंबर की टीवर लोकेशन कई दिनों से भट्टीटोली, सिमडेगा के आसपास सक्रिय थी। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुलिस ने छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि वे साइबर ठगी में शामिल थे और भाड़े के मकान से ठगी का नेटवर्क चला रहे थे।

## बीएसएफ ने जब्त की 15 करोड़ की हेरोइन



**बीकानेर।** सेक्टर हेडक्वार्टर सीमा सुरक्षा बल बीकानेर इंटेलिजेंस ब्रांच की पुख्ता सूचना के आधार पर पंद्रह करोड़ रुपये की तीन किलो हेरोइन जब्त की गई है। इंटेलिजेंस ब्रांच की सूचना के आधार पर शुक्रवार को 12 केएनडी ग्राम के चक्र 3 केएनएम में सीमा सुरक्षा बल द्वारा अतिरिक्त गश्त बढ़ाई गई, जिससे तस्कर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। डीआईजी इंटेलीजेंस जोधपुर विदुर भारद्वाज के दिशा-निर्देश पर उप समादेष्टा इंटेलिजेंस महेश चंद जाट, इंस्पेक्टर ताराचंद यादव, इंस्पेक्टर अजय कुमार पांडे, दीपक कुमार एवं उसकी टीम ने पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान 3 केएनएम इलाके में एक येलो पैकेट में तीन किलो हेरोइन बरामद हुई जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत पंद्रह करोड़ रुपये है।

## 10 रुपये नहीं देने पर भिखारी ने चाकू से गोदकर की युवक की हत्या



**इंदौर।** इंदौर के चंद्रावतीगंज थाना क्षेत्र में एक भिखारी ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें एक की मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के आरोपी भिखारी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि रमेश और प्रकाश, जो एक निर्माण स्थल पर काम करते थे, शराब की दुकान के पास बैठे थे। तभी समीर नामक फकीर वहां आया और 10 की भीख मांगी। मना करने पर समीर ने उन्हें बद्दुआ दी, जिस पर प्रकाश ने उसकी पिटाई कर दी। मारपीट से गुस्साए समीर ने जेब से चाकू निकालकर प्रकाश पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए रमेश को भी उसने घायल कर दिया। ज्यादा खून बहने से प्रकाश की मौत हो गई। घटना के कुछ देर बाद ही पुलिस ने समीर को गिरफ्तार कर लिया। अब उसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। इस वारदात ने इंदौर में भिक्षावृत्ति पर प्रशासन की सख्ती पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# आईएएस अभिषेक प्रकाश की संपत्ति की होगी जांच

### रिश्वतखोरी के आरोप में निलंबित

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में निवेश परियोजना में रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित किए गए इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश की संपत्ति की जांच की जाएगी। गृह विभाग को इस संबंध में पत्र भेजा गया है।

### मुख्य सचिव को भेजी गई शिकायत

कंपनी के प्रतिनिधि विश्वजीत दास ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट के अनुमोदन से पहले ही रिश्वत की मांग की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के बावजूद प्रोजेक्ट को अटका दिया गया। बिचौलिए ने धमकी दी कि बिना रिश्वत दिए काम नहीं होगा।

### क्या है मामला?

एसएईएल सोलर पॉवर कंपनी का प्रोजेक्ट मंजूर करने के लिए अभिषेक प्रकाश पर बिचौलिए निकांत जैन के जरिए रिश्वत मांगने का आरोप है। कंपनी ने गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। निकांत जैन को हुसड़िया चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जैन ने प्रोजेक्ट की कुल लागत का 5% कमीशन मांगा था।

### मुख्यमंत्री के आदेश पर निलंबन और जांच

गोपनीय जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिषेक प्रकाश को निलंबित करने का आदेश दिया। मामले की विस्तृत जांच और मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए।



महाकुंभ भगदड़

## महिला की मौत के 52 दिन बाद भी नहीं मिला डेथ सर्टिफिकेट

### बेटा लगा रहा चक्कर

एजेंसी | प्रयागराज



मौनी अमावस्या (28 जनवरी) के दिन महाकुंभ में भगदड़ के दौरान रविकला मिश्रा (58) की मौत हो गई, लेकिन उनके बेटे रत्नेश मिश्रा को 52 दिन बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र (डेथ सर्टिफिकेट) नहीं मिला। रत्नेश ने बताया कि उनकी मां मौसा-मौसी और गांव के 4 अन्य लोगों के साथ संगम नोज पर पहुंची थीं। रात 1:30 बजे भगदड़ में बिछड़ने के बाद अगले दिन उनकी डेड बॉडी मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में मिली।

### प्रशासन से मदद नहीं मिली

रत्नेश के अनुसार, पोस्टमार्टम करने से इनकार किया गया और कहा गया कि ऊपर से आदेश हैं। प्रशासन ने सिर्फ 15,000 कैश और एंबुलेंस देकर रवाना कर दिया। डेथ सर्टिफिकेट ईमेल से भेजने का वादा किया गया था, लेकिन आज तक नहीं मिला। प्रयागराज के कई दफ्तरों में चक्कर लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले पर भड़का इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन

एजेंसी | प्रयागराज

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण किए जाने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन (HBCA) ने कड़ी नाराजगी जताई है। बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा, हम कूड़ा घर नहीं हैं।

### जस्टिस वर्मा के घर से मिले करोड़ों रुपये



समाचार रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली में न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास पर लगी आग बुझाने के दौरान लगभग 15 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए थे। इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया।

### बार एसोसिएशन ने जताई आपत्ति

शुक्रवार को एसोसिएशन ने विरोध जताते हुए कहा कि हम इस बात से हैरान हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भेजने का फैसला किया है। एसोसिएशन ने प्रस्ताव पारित कर न्यायपालिका की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर चिंता जताई है।

### कोलेजियम के फैसले पर सवाल

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने कथित तौर पर यह फैसला लिया था। लेकिन बार एसोसिएशन ने मांग की है कि ऐसे विवादास्पद मामलों पर गंभीर पुनर्विचार होना चाहिए।


## बिजली उपभोक्ताओं की जेब पर बढ़ेगा बोझ

### प्रति यूनिट 20 पैसे वृद्धि का प्रस्ताव

एजेंसी | कोरबा

छत्तीसगढ़ की जनता को जल्द ही बिजली का झटका लगने वाला है।क्योंकि बिजली कंपनी ने अपना घाटा कम करने के लिए प्रति यूनिट 20 पैसे बढ़ाने का मसौदा तैयार किया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग (CSPDCL) घाटा कम करने के लिए जल्द ही नई दरें लागू कर सकती है। इसके पहले पिछले वर्ष जून 2024 में भी दरों में कुछ बढ़ोतरी की गई थी। अब आगामी अप्रैल या मई में नई दरों के साथ बिजली बिल जारी करने की तैयारी है। इसके बाद विद्युत उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ेगा।

### सभी स्लैब में दर बढ़ाने का प्रस्ताव



सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं के लिए विद्युत विभाग कई स्लैब में बिजली बिल की गणना करता है। पहला स्लैब शून्य से 100 यूनिट से शुरू होता है और अंतिम स्लैब 601 यूनिट से अधिक का स्लैब है। हर स्लैब के लिए प्रति यूनिट की दर अलग-अलग है। स्लैब की गणना अलग-अलग की जाती है और फिर बिजली बिल तैयार किया जाता है। वर्तमान प्रस्ताव सभी स्लैब में दरों में बिल की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।

### आयोग के पास भेजा गया प्रस्ताव

बिल में बढ़ोतरी का प्रस्ताव विद्युत वितरण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष टैरिफ में संशोधन का विधेयक पास किया जाता है और इसे विद्युत नियामक आयोग को भेजा जाता है। नियामक आयोग द्वारा ही अंतिम औपचारिकता पूरी की जाती है, जनसुनवाई का भी आयोजन होता है, इसके बाद ही नई दरों को लागू किया जाता है। पिछले वर्ष जून 2024 में भी दरों में बढ़ोतरी की गई थी। अब इस वर्ष फिर से बिल में बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। हालांकि ऐसा बेहद कम अवसर होता है, जब वितरण विभाग लगातार दूसरे वर्ष बिजली बिल में की दरों में बढ़ोतरी करे।

## बिहार को मिला उसका पहला केंद्रीय प्रयोगशाला

**बिहार :** भवन निर्माण विभाग, बिहार द्वारा विभाग में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित निर्माण सामाग्रियों की गुणवत्ता जांच और गुणवत्तापूर्ण अनुश्रवण हेतु केंद्रीय प्रयोगशाला का अधिष्ठापन किया गया है। यह प्रयोगशाला पटना के राजवंशी नगर में पटना भवन अंचल कार्यालय में अधिष्ठापित किया गया है, जिसका आधिकारिक उद्घाटन दिनांक-21-03-2025 (शुक्रवार) को भवन निर्माण विभाग के मंत्री जयंत राज ने किया। केंद्रीय प्रयोगशाला के निर्माण हेतु 2,75,35,000 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। इस प्रयोगशाला में निर्माण सामाग्रियों की गुणवत्ता जांच



के लिए 53 प्रकार के इंस्ट्रूमेंट की उपलब्धता है। इस मौके पर भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि केंद्रीय प्रयोगशाला के निर्माण होने से विभाग को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। सामाग्रियों की ससमय गुणवत्ता जांच हो सकेगी। विभाग के पास अपना केंद्रीय प्रयोगशाला रहने से गुणवत्ता सुनिश्चित होने के साथ-साथ समय एवं पैसे की भी बचत होगी।

## आर-पार के मूड में आदिवासी संगठन

एजेंसी | रांची

रांची के सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप विवाद को लेकर आदिवासी संगठनों ने 22 मार्च को रांची बंद का अह्वान किया है। इस दिन संगठन के सदस्य सुबह से ही सड़क पर उतरकर चक्का जाम करके राजधानी को बंद करवायेंगे। हालांकि आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों, अस्पताल संचालकों, दवा दुकान के कर्मियों, एबुलेंस चालकों और मरीजों को इस बंद से मुक्त रखा गया है। बंद का समर्थन करने वाले लोगों ने भी इसे सफल बनाने के लिए राजधानीवासियों से सहयोग की अपील की है। आदिवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरना स्थल के पास से रैंप नहीं हटाया गया तो कोर्ट में जाने की बात कही है। दूसरी तरफ बंद के दौरान किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए रांची प्रशासन भी तैनात है। प्रशासन ने साफ शब्दों में बंद कराने वालों को चेताया है कि वह किसी भी गैर कानूनी कार्य को बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगा।

### क्या कहा है रांची प्रशासन ने?



रांची प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कुछ बंद समर्थक द्वारा हो-हंगामा और तोड़ फोड़ की साजिश की चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बंद आह्वान करने वाले संगठनों से अपील की है कि वह किसी पर भी बल प्रयोग न करें और न ही दबाव डालें। बंद शांतिपूर्ण होना चाहिए। प्रशासन का कहना है कि इस अवधि में विधानसभा सत्र जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां और सेंट जेवियर्स कॉलेज एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों में परीक्षाओं का आयोजन हो रहा है। इसलिए हिदायत दी जाती है कि चक्का जाम में शामिल कोई भी व्यक्ति किसी छात्र-छात्राओं और शिक्षण संस्थान के सदस्यों और जनसामान्य को परेशान न करें, नहीं तो कड़ी कार्रवाई होगी।

# व्यापार जगत

## इंडसइंड बैंक के टॉप मैनेजमेंट पर आरबीआई सख्त

### 2 अधिकारियों को पद छोड़ने के लिए कहा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने इंडसइंड बैंक के सीईओ सुमंत कठपालिया और उनके डिप्टी अरुण खुराना को पद से हटने को कहा है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक रिजर्व बैंक ने अकाउंटिंग गड़बड़ी के बाद इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट से यह बात कही है। दरअसल, आरबीआई जमाकर्ताओं के विश्वास को प्रभावित होने से बचाने के लिए व्यवस्थित बदलाव चाहता है। इस विसंगति के कारण मूडीज ने बैंक की रेटिंग को संभावित डाउनग्रेड के लिए समीक्षा के लिए रखा है।

### बैंक ने पेशेवर को किया नियुक्त




इस बीच, इंडसइंड बैंक ने अपने वायदा-विकल्प खंड से संबंधित ऑडिटिंग विसंगतियों के मूल कारण का पता लगाने के लिए एक पेशेवर कंपनी को नियुक्त किया है। अनुमान के अनुसार, ऑडिटिंग में 2,100 करोड़ रुपये की विसंगति से बैंक की निवल संपत्ति पर 2.35 प्रतिशत का असर पड़ सकता है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, निदेशक मंडल ने गुरुवार को अपनी बैठक में विसंगतियों के मूल कारण की पहचान करने, प्रचलित ऑडिटिंग मानकों के संबंध में व्युत्पन्न अनुबंधों के लेखांकन उपचार की शुद्धता व प्रभाव का आकलन करने के लिए एक व्यापक जांच करने हेतु स्वतंत्र पेशेवर कंपनी को नियुक्त करने का निर्णय लिया। इसके अलावा, यह कंपनी किसी भी चूक की पहचान करेगी और लेखांकन में विसंगतियों के संबंध में जवाबदेही सुनिश्चित करेगी। बता दें कि बैंक ने 10 मार्च को अपने वायदा-विकल्प खंड में कुछ विसंगतियों के बारे में जानकारी दी थी। बैंक की आंतरिक समीक्षा में पाया गया कि इससे दिसंबर 2024 तक उसकी कुल संपत्ति पर करीब 2.35 प्रतिशत का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### मूडीज रेटिंग्स की नजर

मूडीज रेटिंग्स ने 17 मार्च को बैंक की रेटिंग को संभावित डाउनग्रेड के लिए समीक्षा पर रखा। इसमें कहा गया है कि ऑडिटिंग में विसंगति बैंक के रिस्क मैनेजमेंट, अनुपालन और रिपोर्टिंग में कमजोरी को दिखाती है और इन क्षेत्रों में लगातार कमजोरियां इंडसइंड की प्रतिष्ठा को कमजोर कर सकती हैं। इसलिए इसकी फंडिंग और लिक्विडिटी को भी नुकसान पहुंचा सकती है। बता दें कि इस महीने इंडसइंड बैंक के शेयरों में 30% से अधिक की गिरावट आई है।

## रुपये ने लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह के बीच रुपये ने शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की और 36 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ। इन छह सत्रों में रुपया कुल 123 पैसे मजबूत हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.93 प्रति डॉलर के उच्च स्तर और 86.30 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छुआ। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.04 पर रहा।

# सेंसेक्स 557 अंक चढ़कर 76,905 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार 21 मार्च को सेंसेक्स 557 अंक चढ़कर 76,905 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 159 अंक की तेजी रही, ये 23,350 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी रही। सबसे ज्यादा NTPC 3.09%, बजाज फाइनेंस 2.62% और कोटक महिंद्रा बैंक 2.14% चढ़े। महिंद्रा, टाटा स्टील, इंफोसिस, टाइटन और बजाज फिनसर्व में 1% से ज्यादा की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में मीडिया के शेयर में 2.20%, ऑयल एंड गैस में 1.84% और सरकारी बैंक में 1.06% की तेजी रही। निफ्टी मेटल में करीब 1% की गिरावट रही।

### एशियाई बाजार में गिरावट रही



एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.20%, हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 2.19% और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 1.29% की गिरावट रही। 20 मार्च को अमेरिका का डाओ जोंस 0.027% गिरकर 41,953 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.33% और S&P 500 इंडेक्स में 0.22% की गिरावट रही। 20 मार्च को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 3,239.14 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। वहीं घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 3,136.02 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## ओला के शेयर में 9% की तेजी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मेकर ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में शुक्रवार को करीब 9% की तेजी देखने को मिली। कारोबारी सेशन खत्म होने पर ये 4.27 रुपए (8.26%) बढ़कर 55.98 रुपए पर बंद हुआ। दरअसल कंपनी ने व्हीकल रजिस्ट्रेशन और सेल्स में गड़बड़ी पर सरकारी जांच की बात को नकारा है। ओला के इस बयान के बाद ही कंपनी के शेयर में यह तेजी देखने को मिली है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ओला इलेक्ट्रिक, भारी उद्योग मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की जांच के दायरे में है। दोनों मंत्रालयों ने कंपनी से जानकारी मांगी है। मिनिस्ट्री ऑफ हेवी इंडस्ट्रीज ने 11 मार्च को और मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवेज ने 18 मार्च को कंपनी से डिटेल्स मांगी थीं। आरोपों के जवाब में ओला ने कहा कि अभी उसके खिलाफ कोई रेगुलेटरी या कानूनी कार्रवाई शुरू नहीं हुई है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त सप्ताह में 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हो गया। इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15.267 अरब डॉलर बढ़कर 653.966 अरब डॉलर हो गया था। यह दो वर्षों में किसी एक सप्ताह में आया सबसे तेज उछाल था। इस उछाल का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया गया। हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 74.391 अरब डॉलर हो गया।

## ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली से सोना और चांदी फिसले

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 400 गिरकर 91,250 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। 99.5% शुद्धता वाला सोना भी 400 की गिरावट के साथ 90,800 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रहने से चांदी 1,700 लुढ़ककर 1,00,300 प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले यह 1.02 लाख प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। डॉलर में सुधार और मुनाफावसूली के चलते सोने के दाम घटे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने अमेरिका की सुस्त आर्थिक वृद्धि और बढ़ती मुद्रास्फीति पर टिप्पणी की, जिससे सोने में कमजोरी आई। डोनाल्ड ट्रंप के नए सीमा शुल्क लागू करने के ऐलान और पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण हालात से सुरक्षित निवेश की मांग बनी हुई है, जिससे गिरावट सीमित रह सकती है।


## 550 करोड़ का IPO लाएगी SSF प्लास्टिक्स इंडिया

### SEBI के पास ड्राफ्ट पेपर किए फाइल

### प्लास्टिक पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाती है कंपनी

**मुंबई।** महाराष्ट्र बेस्ड प्लास्टिक पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी SSF प्लास्टिक्स इंडिया जल्द ही अपना इनिशियलपब्लिक ऑफरिंग यानि IPO ला रही है। कंपनी ने मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी SEBI के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) फाइल किया है। IPO से 550 करोड़ रुपए जुटाएगी। इसमें फ्रेश इश्यू के जरिए 300 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी होंगे।

### प्लास्टिक पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाती है कंपनी




SSF प्लास्टिक्स इंडिया रेवेन्यू के आधार पर वित्त वर्ष 2024 में देश की चौथी बड़ी प्लास्टिक पैकेजिंग मैन्युफेक्चरर है। कंपनी डिजाइन से लेकर डिलीवरी प्रोसेस तक के पैकजिंग प्रोडक्ट्स बनती है। बोतलें, कंटेनर, कैप्स/क्लोजर, टब्स और इंजीनियरिंग प्लास्टिक कंपोनेंट्स – में सर्विस प्रोवाइड करती है। इसके साथ ही, यह पर्सनल केयर, होमकेयर, फूड एंड बेवरेजेस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजन ऑयल एवं लुब्रिकेंट्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे बिजनेस में भी सर्विस देती है। कंपनी के 15 जगहों पर मेन्युफेक्चरिंग फैसिलिटी है। कंपनी के प्रमुख ग्राहकों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, विप्रो, डाबर, हिंदुस्तान फूड्स, इमामी, हिमालया वेलनेस, कोलगेट, आरएसएच ग्लोबल, साविता ऑयल और अल्केम लैब्स शामिल हैं।

न्यूज ब्रीफ



## शंगुमन ने 800 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रमेश शंगुमन ने शुक्रवार को खेलो इंडिया पैरा खेलों के दूसरे दिन 800 मीटर टी53/टी54 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर तमिलनाडु को ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में शानदार शुरुआत दिलाई। चेन्नई के शंगुमन पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं। वह तिरुचिरापल्ली के किसान परिवार से हैं। आठ साल की उम्र में एक ट्रक दुर्घटना में उनके पैर कट गए थे। तमिलनाडु ने अब तक 27 में से छह स्वर्ण पदक जीते हैं। हरियाणा और महाराष्ट्र चार-चार स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बैडमिंटन में पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण विजेता नितेश कुमार और टोक्यो के चैंपियन कृष्णा नागर ने अपना दबदबा दिखाया। कुमार ने अपने वर्ग में फाइनल में जगह बनाई जबकि नागर ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नित्या स्रे और पलक कोहली भी अपने वर्ग में आगे बढ़े।



## जिम्नास्ट प्रणति विश्व कप में वॉल्ट के फाइनल में

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआईजी अप्लायंसेज विश्व कप के क्वालीफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रणति ने वॉल्ट क्वालीफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। भारतीय जिम्नास्ट जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज़ (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं। कोच अशोक कुमार मिश्रा ने कहा, प्रणति ने क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया। अगर वह फाइनल में इससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो पदक जीत सकती है। प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायंसेज विश्व कप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 (उलानबटोर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट में कांस्य पदक जीते थे।

# आईपीएल 2025 सीजन का पहला मुकाबला आज

## कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के बीच ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भिड़ंत

**एजेंसी । कोलकाता**

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन के आगाज कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच 22 मार्च को खेले जाने वाले मुकाबले के साथ होगा। दोनों टीमों के बीच ये मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। डिफेंडिंग चैंपियन केकेआर इस सीजन अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेलते हुए नजर आने वाली है। वहीं आरसीबी को लेकर बात की जाए तो उनकी टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी रजत पाटीदार संभालेंगे। ऐसे में इस पहले मुकाबले में किसी टीम का पलड़ा भारी रहने वाला है, इसपर सभी फैंस की नजरें रहेंगी। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले केकेआर ने अपने अहम प्लेयर्स को तो रिटेन किया था, लेकिन पिछले सीजन उन्हें खिताब जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर को रिलीज कर फैंस को अपने इस फैसले से चौंका जरूर दिया था। वहीं दूसरी तरफ आरसीबी टीम को लेकर बात की जाए तो उसमें इस बार काफी बदलाव देखने को मिलेगा, जिसमें टीम की गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार जिम्मेदारी संभालते हुए दिखाई देंगे, जिनका आईपीएल में काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। वहीं इसके अलावा सभी फैंस की नजरें एकबार फिर से विराट कोहली के प्रदर्शन पर भी रहने वाली है। आईपीएल के 17 सीजन खेल चुकी आरसीबी को अभी भी अपनी पहली ट्रॉफी जीतने का इंतजार है, पिछले सीजन टीम ने प्लेऑफ तक का सफर तो तय किया था, लेकिन फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब नहीं हो सके थे।




### ईडन गार्डन्स स्टेडियम की पिच रिपोर्ट

कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जाने वाले केकेआर और आरसीबी के बीच मुकाबले की पिच को लेकर को लेकर बात की जाए तो उसमें यहां कि पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मुफीद मानी जाती है, जिसमें टॉस की भी भूमिका काफी अहम रहती है। यहां पर अब तक खेले गए 93 आईपीएल मैचों में से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जहां 38 मुकाबलों को अपने नाम किया है तो वहीं 55 मैचों में टारगेट का पीछा करने वाली टीम जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। इस मैदान पर पिछले सीजन खेले गए 7 आईपीएल मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर करीब 198 रनों के आसपास देखने को मिला था।

### वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण निभा सकते हैं अहम भूमिका

इस मैच में केकेआर की टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है क्योंकि उनके पास सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के तौर पर इस फॉर्मेट के 2 बेहतरीन मैच विनर खिलाड़ी मौजूद हैं। दोनों को ईडन गार्डन्स की पिच पर गेंदबाजी करने का काफी अनुभव हासिल है, ऐसे में आरसीबी टीम के बल्लेबाजों के लिए उनके खिलाफ तेजी के साथ रन बनाना बिल्कुल भी आसान काम नहीं रहने वाला है।

### आखिर कौन जीतेगा पहला मुकाबला?

आईपीएल 2025 के पहले मुकाबले के विजेता को लेकर बात की जाए तो उसमें कोलकाता नाइट राइडर्स टीम की जीत का अनुमान अधिक लगाया जा रहा है, जिसकी सबसे बड़ी वजह उनका अपने होम ग्राउंड पर खेलने के साथ प्लेइंग 11 में ऐसे प्लेयर्स का मौजूद होना है जिनको ईडन गार्डन्स में खेलने का काफी अनुभव हासिल है।

### आरसीबी के लिए विराट कोहली रहेंगे इस मैच में अहम खिलाड़ी

इस मुकाबले के लिए आरसीबी टीम के लिए सबसे अहम खिलाड़ी विराट कोहली रहने वाले हैं, क्योंकि उनका केकेआर के खिलाफ अब तक रिकॉर्ड शानदार देखने को मिला है। हालांकि कोहली के लिए सुनील नारायण एक बड़ा खतरा जरूर रहेंगे क्योंकि उनके खिलाफ उन्होंने अब तक जहां 156 गेंदों में 162 रन बनाए हैं तो वहीं चार बार विकेट भी गंवाया है।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड


केकेआर और आरसीबी के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो दोनों टीमों के बीच अब तक 34 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 20 में केकेआर की टीम जीतने में कामयाब हुई है तो वहीं 14 मैचों में आरसीबी की टीम ने मुकाबले को अपने नाम किया है। वहीं दोनों टीमों के बीच पिछले 5 मैचों के परिणाम को लेकर बात की जाए तो उसमें केकेआर की टीम ने 4 मैचों को जीता है, जबकि आरसीबी सिर्फ एक मैच ही जीतने में सफल रही है।

नेशंस लीग

## एम्बापे और डेंबेले का नहीं चला जादू

**फ्रांस को मिली करारी हार**

- क्रोएशिया ने पहले चरण के क्वार्टर फाइनल में 2-0 से दर्ज की जीत
- अब रविवार को फ्रांस को हर हाल में तीन गोल से बाजी मारनी होगी




**एजेंसी । जाग्रेब।**

ला लिगा में 20 गोल दागने वाले किलियन एम्बापे राष्ट्रीय टीम फ्रांस के लिए कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सके। उनकी और ओस्मान डेंबेले की नाकामी टीम को भारी पड़ी और नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में फ्रांस को क्रोएशिया के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी। फ्रांस को अगर अगले दौर में पहुंचना है, तो रविवार को होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले में 3-0 से जीत दर्ज करनी होगी। गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में एंटे बुदिमिर ने इवान पेरीसिक के क्रॉस पर हेडर से शानदार गोल कर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। इसके बाद पेरीसिक (45+1) ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में स्कोर 2-0 कर दिया, जिससे एम्बापे की राष्ट्रीय टीम में छह महीने बाद वापसी फीकी पड़ गई। फ्रांस की टीम ने 2021 के बाद जब भी नेशंस लीग में पहला गोल खाया, वह मैच नहीं जीत सकी और अब तक खेले गए ऐसे तीनों मैच हार गई। एम्बापे ने पहले हाफ में कई बार क्रोएशियाई गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच की परीक्षा ली, लेकिन लिवाकोविच ने शानदार बचाव कर उनके सभी प्रयासों को नाकाम कर दिया।

### रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद हारा पुर्तगाल

**एजेंसी । कोपेनहेगन**



कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद पुर्तगाल को नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में डेनमार्क से 1-0 से हार मिली। रोनाल्डो पूरे 90 मिनट तक मैदान पर रहे पर कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए। उन्होंने पूरे मैच में एकमात्र प्रयास हेडर से किया वह भी पोस्ट से बाहर चला गया। मैच का एकमात्र गोल रासमस होज्लुंड ने 78वें मिनट में डेनमार्क की ओर से दागा जो निर्णायक साबित हुआ। राममस ने इस गोल का जश्न रोनाल्डो के सामने उन्हीं के अंदाज में मनाया।

### पनामा ने अमेरिका को बाहर किया

**एजेंसी । इंगलवुड (अमेरिका)**

सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया। इससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने कहा, मेरे करियर में मेरे साथ कई अच्छी चीजें हुई हैं, लेकिन यह सबसे अलग है। यह अविश्वसनीय है।

### विनीसियस जूनियर ने दिलाई ब्राजील को जीत

**एजेंसी । साओ पाउलो**

विनीसियस जूनियर के आखिरी मिनट में किए गए गोल की मदद से ब्राजील ने विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कोलंबिया को 2-1 से हराया। यह मैच अगर ड्रॉ रहता तो ब्राजील दक्षिण अमेरिकी तालिका में छठे स्थान पर खिसक जाता। इसके बजाय वह विनीसियस जूनियर के गोल से अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर आ गया। दक्षिण अमेरिका की शीर्ष छह टीमों को अगले साल कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा।

## पाक ने सबसे तेज 200 रन के लक्ष्य का किया पीछा

**एजेंसी । ऑकलैंड**




पाकिस्तान ने सबसे तेज 200 या उससे अधिक रन का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड बना लिया है। हसन नवाज (105 नाबाद, 45 गेंद) की तूफानी शतकीय पारी से पाकिस्तान ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ 205 रन का लक्ष्य महज 16 ओवर में एक विकेट पर 207 रन बनाकर हासिल कर लिया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने 2007 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 206 रन का लक्ष्य 17.4 ओवर में हासिल किया था।

नौ विकेट से बड़ी जीत के साथ पाकिस्तान ने पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से वापसी की उम्मीदें कायम रखी हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 19.5 ओवर में 204 रन पर समेट दिया था। न्यूजीलैंड की ओर से मार्क चैपमैन (94), कप्तान माइकल ब्रेसवेल (31) और टिम सिफर्ट (19) रन बना सके। पाकिस्तान के लिए हारिस रउफ ने तीन, शाहीन अफरीदी, अब्बास और अहमद ने दो-दो विकेट लिए।

**नंबर गेम**

- 3 बार 200+ रन का लक्ष्य 9 या उससे अधिक विकेट रहते हासिल करने वाली पहली टीम बनी पाक।
- 9 विकेट से हार न्यूजीलैंड की टी-20 में सबसे बड़ी हार बनी।


### हसन नवाज का ऐतिहासिक शतक

लक्ष्य का पीछा करते हुए हसन नवाज ने 44 गेंदों में अपना पहला टी-20 शतक जड़ा, जो पाकिस्तान की ओर से सबसे तेज शतक है। उन्होंने बाबर आजम का रिकॉर्ड (49 गेंद, 2021 बनाम दक्षिण अफ्रीका) तोड़ दिया। नवाज ने मोहम्मद हैरिस (41) के साथ पहले विकेट के लिए 74 रन और कप्तान सलमान आगा (51) के साथ अटूट 133 रन जोड़े।

## 'तुमको मेरी कसम' पर अनुपम खेर का रिएक्शन

**फैंस से देखने की अपील**

*अनुपम खेर की फिल्म 'तुमको मेरी कसम' काफी समय से चर्चा में रही है और अब यह फिल्म आखिरकार दर्शकों के बीच आ चुकी है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अब अनुपम खेर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपने प्रशंसकों से 'तुमको मेरी कसम' देखने की अपील कर रहे हैं।*





वीडियो में अनुपम खेर अपनी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' के बारे में बात करते हुए अपने प्रशंसकों से अपील करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'एक एक्टर की आपसे डायरेक्ट बातचीत और रिक्वेस्ट- आज मेरी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' थिएटर्स में रिलीज हो रही है। आपको जरूर पसंद आएगी। बाकी सब मैंने इस वीडियो में बोल दिया है! अंत तक जरूर देखिए और शेयर करिए! आपको मम्मी की कसम!

फिल्म 'तुमको मेरी कसम' के जरिए ईशा देओल लंबे समय के बाद किसी फिल्म में नजर आएंगी। फिल्म 'तुमको मेरी कसम' विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी है। इस फिल्म में अनुपम खेर, ईशा देओल, और अदा शर्मा जैसे शानदार कलाकारों की मौजूदगी है, जो फिल्म को और भी रोमांचक और दिलचस्प बनाती है। फिल्म 'तुमको मेरी कसम' 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

## आमिर खान की बहन निखत ने की गौरी स्प्रैट की तारीफ


आमिर खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट को मीडिया से मिलवाया, जिससे यह जोड़ी और भी ज्यादा चर्चा में आ गई। आमिर पिछले एक साल से गौरी को डेट कर रहे हैं, लेकिन वे उन्हें 25 साल से भी ज्यादा समय से जानते हैं। गौरी ने आमिर के परिवार से भी मुलाकात की है और इस रिश्ते को लेकर किसी को भी कोई ऐतराज नहीं है। अब आमिर की बहन निखत खान हेगड़े ने गौरी की जमकर तारीफ की है।



निखत खान हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'L2: एम्पुरान' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचने के दौरान उन्होंने आमिर खान और उनकी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के रिश्ते पर भी प्रतिक्रिया दी। निखत ने कहा, 'हम लोग बहुत खुश हैं आमिर के लिए और गौरी के लिए भी, क्योंकि वह बहुत अच्छी इंसान हैं और हम बहुत चाहते हैं कि ये दोनों हमेशा-हमेशा के लिए खुश रहें।' निखत की बातों से साफ जाहिर होता है कि परिवार इस रिश्ते को लेकर पूरी तरह से सकारात्मक और खुश है। आमिर खान की पहली शादी रीना दत्ता से हुई थी, जिनसे उनके दो बच्चे, आइरा खान और जुनैद खान, हुए थे। हालांकि, 16 साल बाद उनका तलाक हो गया था। इसके बाद, आमिर ने किरण राव से शादी की थी, जिनसे उन्हें एक बेटा आदाज हुआ। आमिर और किरण की मुलाकात फिल्म 'लगान' के सेट पर हुई थी, जहां किरण सहायक निर्देशक के रूप में जुड़ी हुई थीं। जुलाई, 2021 में आमिर और किरण ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया और दोनों की राहें जुदा हो गईं। अब आमिर अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ एक नई शुरुआत कर रहे हैं, और उनके रिश्ते को परिवार और दोस्त पूरी तरह से स्वीकार कर रहे हैं।

## 'सुस्वागतम खुशामदीद' 16 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी

अभिनेता पुलकित सम्राट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सुस्वागतम खुशामदीद' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन धीरज कुमार कर रहे हैं, जिन्होंने पहले शरमन जोशी के साथ 'काशी इन सर्च ऑफ गंगा' फिल्म बनाई थी। 'सुस्वागतम खुशामदीद' को खास बनाने वाली बात यह है कि इसमें पुलकित सम्राट की जोड़ी बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ की छोटी बहन इसाबेल कैफ के साथ बनी है। अब इस फिल्म की नई रिलीज तारीख भी सामने आ चुकी है। फिल्म 'सुस्वागतम खुशामदीद' अब 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म पिछले साल 22 नवंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ कारणों से इसकी तारीख में बदलाव किया गया। निर्माताओं ने इस फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की शानदार जोड़ी की झलक दिखाई दे रही है।





## फिल्म केसरी को 6 साल हुए पूरे

### अक्षय कुमार ने शेयर की सीक्वल की अपडेट

*अक्षय कुमार की हिट फिल्मों में से एक 'केसरी' को आज पूरे 6 साल हो गए हैं। इस खास मौके पर अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म की एक क्लिप शेयर की है और इसके साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया कि 'केसरी: चैप्टर 2' जल्द ही आने वाला है।*

इस खबर से उनके फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई है, क्योंकि वे लंबे समय से इस फिल्म के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म के आगामी चैप्टर में क्या नई कहानी होगी, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा। अक्षय कुमार ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'नया युद्धा, लेकिन जोश और आग वही। 'केसरी' के छह साल पूरे होने का जश्न। 'केसरी' के जज्बे का जश्न और साथ ही नए चैप्टर का जश्न, जो जल्द शुरू हो रहा है।' यह घोषणा फैंस के लिए खुशखबरी लेकर आई है, क्योंकि अक्षय कुमार ने संकेत दिया कि 'केसरी: चैप्टर 2' जल्द ही दर्शकों के सामने होगा। इस फिल्म का नया चैप्टर शंकरन नायर की बायोपिक पर आधारित होगा, जो जलियांवाला बाग नरसंहार में जनरल डायर की भूमिका को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ाई को दिखाएगा। यह फिल्म भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण और दुखद क्षणों को एक नए दृष्टिकोण से पेश करेगी।

कर्नाटक विधानसभा

# हनी ट्रैप और मुस्लिम आरक्षण पर हंगामा

## 18 बीजेपी विधायक 6 महीने के लिए सस्पेंड

एजेंसी | बेंगलुरु

**कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार का दिन हंगामे के नाम रहा। हनी ट्रैप और मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को लेकर सदन में भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इसी क्रम में कर्नाटक विधानसभा में विरोध प्रदर्शन कर रहे 18 भाजपा विधायकों को अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से छह महीने के लिए निलंबित कर दिया। जिसके बाद मार्शलों ने उन्हें जबरन सदन से बाहर निकाला।**





### हनी ट्रैप मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से कराने की मांग

विपक्षी नेताओं ने कर्नाटक सरकार एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित 'हनी-ट्रैप' मामले की न्यायिक जांच हाई कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश से कराने की मांग की थी। शुक्रवार को बीजेपी विधायकों ने सदन के वेल के सामने आकर कागज फाड़कर हंगामा खड़ा कर दिया।

### मंत्री एचके पाटिल ने पेश किया विधेयक

विधानसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 18 बीजेपी विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित करने का विधेयक पारित किया गया है। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने पेश

### हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश हुई- मंत्री जारकीहोली

- इसके बाद राज्य के लोक निर्माण विभाग मंत्री सतीश जारकीहोली ने भी मामले की गंभीरता को स्वीकार किया। उन्होंने कहा,'यह सच है कि एक मंत्री को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश हुई थी। यह दो बार हुआ। हालांकि, दोनों बार यह प्रयास असफल रहा। कर्नाटक में हनी ट्रैप कोई नई बात नहीं है, यह पिछले 20 सालों से चल रहा है। कुछ लोग इसे राजनीति में निवेश के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।' जारकीहोली ने यह भी सुझाव दिया कि संबंधित मंत्री को पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

### क्या है कर्नाटक का 'हनी ट्रैप' मामला?

कर्नाटक में हाल ही में एक हाई-प्रोफाइल हनी ट्रैप मामला सुर्खियों में आया है, जिसने राज्य की सियासत को हिलाकर रख दिया है। यह मामला तब सामने आया जब कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने विधानसभा में खुलासा किया कि न केवल वह खुद हनी ट्रैप का शिकार होने से बचे, बल्कि राज्य के 48 अन्य नेताओं, विधायकों और यहां तक कि केंद्रीय नेताओं के भी इस तरह के जाल में फंसने की बात सामने आई है। इस दावे ने सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी बीजेपी दोनों को एक बड़े विवाद में उलझा दिया है।

### सदन में बीजेपी विधायक ने उठाया था मामले को

20 मार्च 2025 को कर्नाटक विधानसभा में बजट सत्र के दौरान बीजेपी विधायक बसनगौड़ा पाटिल यत्नाल ने सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हनी ट्रैप की घटनाएं बढ़ रही हैं।सहकारिता मंत्री राजन्ना को भी निशाना बनाया गया। इसके जवाब में राजन्ना ने स्वीकार किया कि उनके खिलाफ हनी ट्रैप की कोशिश हुई थी और यह समस्या केवल उन तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक पेन ड्राइव और सीडी का कारखाना बन गया है। मेरे पास जानकारी है कि 48 लोग, जिनमें विधायक, केंद्रीय नेता और यहां तक कि जज भी शामिल हैं, इस जाल में फंस चुके हैं।'

### सीएम समेत मंत्रियों-विधायकों की सैलरी हुई दोगुनी

हंगामे के बीच सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सैलरी 100% बढ़ाने का बिल पास कर दिया। इसके पारित होने से मुख्यमंत्री का वेतन 75 हजार रुपए से बढ़कर 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह हो जाएगा। विधान परिषद के सभापति और विधानसभा अध्यक्ष का वेतन 75 हजार रुपए से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपए हो जाएगा। मंत्री का वेतन 60 हजार रुपए से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपए किया जाएगा। वहीं, सप्लीमेंट्री अलाउंस 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हो सकता है। अभी मंत्रियों को HRA के रूप में मिलने वाले 1.2 लाख रुपए बढ़कर 2 लाख रुपए हो सकते हैं। साथ ही विधायकों की मंथली सैलरी 40 हजार से बढ़कर 80 हजार हो जाएगी। मुख्यमंत्री की सैलरी 75 हजार से बढ़कर 1.5 लाख प्रति माह होगी। अन्य भत्ते जैसे हाउस रेंट अलाउंस (HRA) और संपत्ति भत्ते में भी बढ़ोतरी होनी है। यह फैसला विधानसभा में 21 मार्च को पारित हो गया, जिससे राज्य के खजाने पर सालाना लगभग 10 करोड़ का बोझ पड़ेगा।



# रिश्वत लेते पकड़े गए पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के सीनियर जीएम




## सीबीआई ने किया गिरफ्तार

एजेंसी | नई दिल्ली

सीबीआई ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीनियर जीएम उदय कुमार को मुंबई की कंपनी केईसी इंटरनेशनल के एक अधिकारी से 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत केईसी इंटरनेशनल और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के साथ किए गए करार और उससे जुड़े बिल को पारित कराने के एवज में कथित तौर पर दी जा रही थी। KEC इंटरनेशनल कंपनी के DGM सुमन सिंह को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है।

### सीबीआई ने 19 मार्च को दर्ज किया था मामला

- सीबीआई ने 19 मार्च को मुंबई स्थित प्राइवेट कंपनी केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड, अजमेर में तैनात पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक, केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी के चार प्रतिनिधियों और अज्ञात अन्य सहित 06 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के आरोपी अधिकारी केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड के आरोपी प्रतिनिधियों से रिश्वत लेकर बिलों को पारित कराने में अनुचित लाभ पहुंचाने में मदद कर रहे थे।

### केईसी इंटरनेशनल को भी बनाया आरोपी

- अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकी में पांच व्यक्तियों और केईसी इंटरनेशनल कंपनी को नामजद आरोपी बनाया गया है। केईसी इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष और उत्तर भारत प्रमुख जबराज सिंह प्राथमिकी में नामजद आरोपियों में शामिल हैं। कंपनी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

### रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

- इस तरह की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाना शुरू कर दिया। जैसे ही रिश्वत की लेन-देने होने लगी, सीबीआई की टीम ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के आरोपी वरिष्ठ महाप्रबंधक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गंगा में डॉल्फिन की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल का कहना है कि नदी स्वच्छता अभियान के जरिए गंगा नदी के पानी में सुधार हुआ है। सरकार के प्रयासों का प्रमाण है कि गंगा नदी पुनरुद्धार के कारण डॉल्फिन की संख्या बढ़ी है। शुक्रवार को लोकसभा में वर्ष 2025-26 के लिए जलशक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदानों मांगों की चर्चा के दौरान जलशक्ति मंत्री ने अब तक हुए कार्यों और गंगा नदी की स्वच्छता को लेकर सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का प्रयास हो रहा है। देश में सिंचाई क्षमता बढ़ाने के तमाम उपाय किए गए हैं। हर खेत को पानी मिले, इसके लिए 1100 करोड़ रुपये का प्रबंध किया गया है। केन-बेतवा नदी संपर्क योजना को पूरा करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इस योजना के कारण 62 लाख लोगों को पेयजल मिलने वाला है। अब तक इस योजना पर 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो चुका है।

### मोटी चमड़ी के हो गए हैं अधिकारी : प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान एनएच-9 (सर्विस लेन) के किनारे बने नाले बुरी हालत में मिले। इससे नाराज प्रवेश वर्मा ने मौके पर ही पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में अधिकारी मोटी चमड़ी के हो गए हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार के साथ अब अधिकारी भी जमीन पर उतर रहे हैं। उनके पसीने निकलेंगे तो चर्बी भी घटेगी। प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन से होते हुए त्रिलोकपुरी के चिल्ला गांव और पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के अन्य इलाकों में सड़कों और नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि नाले खराब स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने और जलभराव और सफाई की समस्या को हल करने के निर्देश दिए।

### सिसोदिया को पंजाब, गोपाल राय को गुजरात का प्रभार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को छह राज्यों के प्रभारियों एवं पदाधिकारियों के पद पर बदलाव किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई पीएसी (पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी) की बैठक में यह निर्णय लिए गए हैं। पीएसी बैठक में मनीष सिसोदिया को पंजाब, गोपाल राय को गुजरात और पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं सौरभ भारद्वाज को दिल्ली और मेहराज मलिक को जम्मू-कश्मीर का अध्यक्ष बनाया गया है। दिल्ली में हुई चुनावी हार के बाद आप की पहली पीएसी बैठक शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल के घर पर हुई।

# परिसीमन से संघवाद को खतरा: मुख्यमंत्री स्टालिन



एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और DMK अध्यक्ष एमके स्टालिन ने शुक्रवार को प्रस्तावित परिसीमन को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यदि तमिलनाडु और अन्य राज्य संसद में प्रतिनिधित्व खो देते हैं, तो यह संघवाद की नींव पर प्रहार होगा। इससे लोकतंत्र कमजोर होगा और राज्यों को अपने अधिकारों से समझौता करना पड़ेगा।

### DMK ने उठाया मुद्दा, भाजपा को छोड़ सभी दलों का समर्थन

स्टालिन ने कहा कि 2026 तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी होनी है, और यदि यह जनसंख्या के आधार पर होता है, तो तमिलनाडु का संसद में प्रतिनिधित्व घट सकता है। यही कारण है कि तमिलनाडु में सभी दलों की बैठक हुई थी, जिसमें भाजपा को छोड़कर सभी ने निष्पक्ष परिसीमन प्रक्रिया की मांग का समर्थन किया। स्टालिन ने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को इस मुद्दे पर पत्र लिखा और संसद में इन राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले दलों से भी संपर्क किया। उन्होंने कहा कि DMK प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न दलों के नेताओं से चर्चा की है। साथ ही, उन्होंने खुद कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की, जो आज चेन्नई में प्रस्तावित बैठक में शामिल होंगे।

### सांसद इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से सांसद इंजीनियर रशीद की टेरर फंडिंग मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी। रशीद को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने वर्ष 2017 के आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) के तहत गिरफ्तार किया था और वह 2019 से तिहाड़ जेल में बंद हैं। इस सप्ताह की सुनवाई में रशीद ने ट्रायल कोर्ट के 10 मार्च के आदेश को चुनौती दी थी, उसे 4 अप्रैल तक लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए हिरासत पैरोल या अंतरिम जमानत देने से इनकार किया गया था।

# आरएसएस के मंच पर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

मणिपुर और भाषा विवाद पर जताई गई चिंता

एजेंसी | बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 3 दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को बेंगलुरु में शुरू हुई। बैठक की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, तबला वादक जाकिर हुसैन, प्रीतीश नंदी समेत संघ के दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई।




### भाषा और परिसीमन विवाद पर प्रतिक्रिया

मुकुंद ने तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच भाषा और परिसीमन विवाद को लेकर कहा कि कुछ ताकतें देश की एकता को चुनौती दे रही हैं। ये ताकतें उत्तर और दक्षिण के बीच बहस को बढ़ावा दे रही हैं, जो राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने सामाजिक सौहार्द की अपील करते हुए कहा कि सभी सामाजिक समूहों को एकजुट होकर समाधान निकालना चाहिए।

### मणिपुर की स्थिति पर चिंता

संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने मणिपुर में जारी अशांति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पिछले 20 महीनों से राज्य संकट से गुजर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार के कुछ फैसलों के बाद हालात सुधार की ओर हैं। हालांकि, पूरी तरह से सामान्य होने में अभी समय लगेगा।

# मणिपुर के प्रतिबंधित संगठन के 5 उग्रवादी गिरफ्तार

### हथियार और विस्फोटक हुए बरामद

एजेंसी | इंफाल

पुलिस ने इंफाल में मणिपुर के प्रतिबंधित संगठन के तीन उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। वहीं असम के गुवाहटी से भी इसी संगठन के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इंफाल पश्चिम पुलिस के अनुसार लिलोंग छजिंग ममांग लेकई इलाके से तीन उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान अहैबम गांधी, थोंगम नाओबा मेतई व निंगथोउबा मोमोचा सिंह के रूप में हुई है। यह सभी प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य हैं। उनके पास से एक चार पहिया वाहन को जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार तीनों अपहरण के मामले में वांछित थे। वहीं प्रदेश में कई अन्य स्थानों से हथियार, गोला बारूद व विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं।



### गुवाहाटी में 2 उग्रवादी पकड़े गए

उधर, गुवाहटी पुलिस ने भी मणिपुर के प्रतिबंधित संगठन के दो उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंता के अनुसार सेना के खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की जिसमें अंतर राज्यीय बस अड्डे से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मणिपुर के प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य हैं।

# श्रीनगर में 26 मार्च से ट्यूलिप महोत्सव

एजेंसी | इंफाल

श्रीनगर। श्रीनगर का इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन 26 मार्च से पर्यटकों के लिए खुल जाएगा। इस साल 17 लाख ट्यूलिप फूल अपनी खूबसूरती बिखेरेंगे, जिनमें दो नई किस्में भी जोड़ी गई हैं। गार्डन के सहायक पुष्प कृषि अधिकारी आसिफ अहमद ने बताया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इसका शुभारंभ करेंगे। 55 हेक्टेयर में फैले इस गार्डन में 74 अलग-अलग किस्मों के ट्यूलिप देखने को मिलेंगे।



**एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में खिले 17 लाख फूल**

**पर्यटकों के लिए खास आकर्षण**

ट्यूलिप के साथ यहां कई अन्य खूबसूरत फूलों की किस्में भी देखने को मिलेंगी। हर साल की तरह यह गार्डन देशी और विदेशी पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय रहेगा। अगले एक महीने तक पर्यटक इस फूलों की बहार का आनंद ले सकेंगे।


### जिला इकाई प्रमुखों से फीडबैक लेंगे राहुल गांधी

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिल्ली में कांग्रेस को मिली चुनावी हार के बाद पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए कमर कस चुके हैं। राहुल 27, 28 मार्च और 3 अप्रैल को देशभर के 750 से अधिक जिला इकाई प्रमुखों से सीधे कांग्रेस की जमीनी हकीकत जानेंगे। राहुल गांधी जिला इकाई प्रमुखों की फीडबैक का इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को फिर से पटरी पर लाने में इस्तेमाल करेंगे। करीब 250 के बैच में होने वाले इस संवाद से पहले अलग-अलग राज्य इकाइयां जिला स्तर पर रिक्त पदों को सक्रिय रूप से भरने में जुटी हैं। तीन दिवसीय संवाद के दौरान, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष स्थानीय टीम प्रमुखों से महत्वपूर्ण फीडबैक प्राप्त करेंगे। साथ ही उन्हें उस पुरानी पार्टी में उनके नए महत्व का आश्वासन देंगे, जो उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे बड़े राज्यों में खुद को पुनर्जीवित करने के लिए इच्छुक है। गांधी परिवार के गृह राज्य उत्तर प्रदेश में, पार्टी ने हाल ही में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सभी राज्य टीमों को भंग करने के महीनों बाद सभी 75 जिलों में जिला इकाई प्रमुखों की नियुक्ति की है।



# एक साल में 380 नक्सली ढेर



एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा में शुक्रवार को गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर राज्यों में हिंसा घटनाओं में कमी आई। गृह मंत्री ने नक्सलियों को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि एक साल में 2619 नक्सली कम हुए हैं। सालभर में 380 नक्सली मारे गए हैं। अब सिर्फ 12 जिले नक्सल प्रभावित हैं। उन्होंने आगे कहा कि 1045 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। शाह ने यह भी बताया कि नक्सलियों के फाइनेंसर को हमने खत्म किया है।

- एक साल में 1045 नक्सलियों ने किया सरेंडर
- राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने दी जानकारी



### जम्मू-कश्मीर में जी 20 की बैठक करवाई

गृह मंत्री ने कहा कि कश्मीर में बंद पड़े सिनेमा हॉल हमने खोले। वहां जी-20 की बैठक आयोजित करवाई। पठानकोट में नाका परमिट को हमने खत्म किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एंटी करप्शन ब्यूरो का गठन किया। पहले की सरकारों का रवैया ढीला था और भ्रष्टाचार रोकने का कोई कानून नहीं था।

### अनुच्छेद 370 अलगाववाद की मुख्य वजह

- शाह ने कहा कि हमारी सरकार ने उग्रवाद, आतंकवाद और नक्सलवाद पर चोट किया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुई प्रगति का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को अलगाव के पीछे की मुख्य वजह बताई। उन्होने कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में कमी आई है। पत्थरबाजी भी रुक गई है। अब कश्मीर में कोई हड़ताल नहीं होती है। उन्होंने कहा कि 2024 में कश्मीर में एक भी पथराव की घटना सामने नहीं आई है। गृह मंत्री ने कहा कि अब कश्मीर में भ्रष्टाचार की संख्या लगभग शून्य हैं। पहले आतंकियों के मौत पर जुलूस निकलते थे। मगर हमारी सरकार ने इसे बंद करवाया। उरी हमले का बदला 10 दिनों के भीतर लिया गया। आतंकियों के परिजनों को नौकरी देना बंद किया। अब लाल चौक पर तिरंगा फहराया जाता है।

### 10 दिन में लिया उरी हमले का बदला

### चुनाव में अब कश्मीर में एक भी गोली नहीं चलती

गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 21 सदस्यों ने यहां अपने विचार प्रस्तुत किए। एक तरह से गृह मंत्रालय के कई कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने आगे जम्मू-कश्मीर के चुनाव का जिक्र किया और कहा कि अब यहां चुनाव में एक भी गोली नहीं चलती है।